
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
yashbharat.co.in
नये जमाने के साथ..
# यश भारत
GOOD FRIDAY
● वर्ष- 17 अंक 64 ● कटनी ● शुक्रवार, 7 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास कृष्ण पक्ष 2 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

# कोविड-19: कोरोना संक्रमण से बढ़ी चिंता, 21 राज्यों के 72 जिले रेड अलर्ट

## मांडविया की अध्यक्षता में स्वास्थ्य मंत्रियों की समीक्षा बैठक आज

■ नई दिल्ली, ईएमएस।



देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसको देखते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया की अध्यक्षता में आज सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों की उच्च स्तरीय बैठक होगी। द पिछले 24 घंटे में देश में 6050 नए मामले सामने आए हैं, जबकि 14 लोगों की मौत हुई है। एक्टिव केस का आंकड़ा भी 28 हजार 303 हो गया है। स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया आज दोपहर में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके पहले बुधवार को कोविड इम्पावरमेंट वर्किंग ग्रुप ने नियमित समीक्षा बैठक की। इस बैठक में डॉ. वी के पॉल, डॉ. राजीव बहल, महानिदेशक, आईसीएमआर और अन्य वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी शामिल हुए।मांडविया ने देश में ष्टश1द्वस्र19 की स्थिति पर कहा कि हमें सतर्क रहने की जरूरत है, घबराने की जरूरत नहीं है। वर्तमान में, ओमिक्रॉन का सब-वैरिएंट देश में फैल रहा है। इसमें अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत नहीं होती है।बीते चार सप्ताह से देश में लगातार बढ़ते कोरोना मामलों के चलते 21 राज्य के 72 जिले रेड अलर्ट में आए हैं। इन जिलों में बीते सप्ताह के दौरान 12 से 100 फीसदी तक सैंपल कोरोना संक्रमित मिले हैं।

### मार्च के मुकाबले अप्रैल में तेजी से बढ़ रहे केस

कोरोना के डेली केस में इजाफा तेज हो गया है। फिलहाल पॉजिटिविटी रेट 3.32त्न है। मार्च के 31 दिनों में कोरोना के 31,902 केस सामने आए थे। इसके मुकाबले अप्रैल के 5 दिनों में ही 20,273 नए केस मिल चुके हैं। ये मार्च के कुल नए केस का 63.5त्न है। अगर औसत देखें तो मार्च में रोजाना औसतन 1 हजार नए केस मिले थे, जबकि अप्रैल में रोजाना औसतन 4 हजार मामले आ रहे हैं। अगर संक्रमण दर यही रही तो अप्रैल में 1.20 लाख नए मामले आने की आशंका है। हालांकि रोजाना जिस हिसाब से नए केस बढ़ रहे हैं, उसके मुताबिक अप्रैल के कुल केस इससे ज्यादा हो सकते हैं।

### इन राज्यों की स्थिति चिंताजनक

दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु के सबसे अधिक जिले रेड अलर्ट में हैं। दिल्ली के 11 में से नौ जिलों में सबसे अधिक संक्रमण है, दिल्ली के एक छोर पर गुरुग्राम-फरीदाबाद तो वहीं, दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में एक समान स्थिति देखने को मिल रही है। इन तीनों जिलों में संक्रमण दर क्रमश- 12.84, 12.06 और 11.72 फीसदी है।

### नए स्वरूप का बर्ताव पता लगा पाना फिलहाल मुश्किल

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर कहा कि सरकार इस पर लगातार नजर बनाए हुए है और राज्यों को एडवायजरी भी जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के लगातार नए वेरिएंट सामने आ रहे हैं, जो चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के वेरिएंट और सब वेरिएंट्स के मामलों की स्टडी की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अभी तक जो मामले सामने आए हैं, उन्हें खतरनाक नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि कोरोना मामलों में उछाल को देखते हुए सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि कोरोना का नया वेरिएंट कैसा बर्ताव करेगा, इसके बारे में फिलहाल कुछ कहना मुश्किल है।

# थ्रेशर मशीन में फंसने से युवक के चिथड़े उड़े

■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी भोपाल के ग्रामीण क्षेत्र नजीराबाद में मंगलवार रात थ्रेशरिंग कर रहा एक युवक थ्रेशर में फंस गया। फुल स्पीड में चल रही थ्रेशर मशीन में फंसने से युवक के कमर से ऊपर का शरीर का हिस्सा टुकटे-टुकड़े हो गए। पीएम कराने के लिए शव को टुकड़ों को भरकर ले जाना पड़ा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। नजीराबाद थाना प्रभारी बीपी सिंह ने बताया कि 20 वर्षीय राम भरोसे भील विदिशा जिले के लटेरी के पास ग्राम रायपुरा का रहने वाला था। वह खेती करता था। मंगलगढ़, नजीराबाद में रहने वाले जीवनलाल नाम के व्यक्ति ने महेन्द्र सोलंकी की जमीन को ठेके पर लेकर गेहूं की फसल लगाई थी। राम भरोसे भील जीवनलाल का साला था। जीवनलाल द्वारा मदद करने के लिए बुलाने पर राम भरोसे गेहूं की थ्रेशरिंग में मदद करने के लिए जीजा के यहां आया था। मंगलवार रात करीब 10 बजे रामभरोसे थ्रेशर में फसल लगा रहा था, जबकि एक अन्य व्यक्ति अनाज को रख रहा था। राम भरोसे गेहूं के पेड थ्रेशर में डाल रहा था, तभी उसका हाथ थ्रेशर में फंस गया। हाथ बचा पाता इससे पहले ही थ्रेशर ने उसे अपनी तरफ खींच लिया और उसके कमर से ऊपर के शरीर के चिथड़े उड़ गए। साथ में का कर रहे मजदूरों ने जब तक थ्रेशर बंद किया, इससे पहले उसके शरीर का कमर से ऊपर का हिस्सा टुकड़े-टुकड़े हो चुका था।



**पीएम कराने बोरी में भरकर ले जाने पड़े शव के टुकड़े**

# तिहाड़ से सिसोदिया की चिट्ठी-पीएम मोदी कम पढ़े-लिखे

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

दिल्ली शराब नीति केस में आरोपी डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने तिहाड़ से देश के नाम चिट्ठी लिखी है। इसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिक्षा पर सवाल उठाया। उन्होंने लिखा कि मोदी गर्व से कहते हैं कि गांव के स्कूल तक ही उनकी शिक्षा हुई है। लोग कंपनी में मैनेजर रखने के लिए पढ़ा-लिखा आदमी ढूंढते हैं। क्या देश के सबसे बड़े मैनेजर को पढ़ा लिखा नहीं होना चाहिए। मनीष सिसोदिया शराब नीति केस में ष्टक्चढ्ढ और श्वष्ठ के केस में आरोपी हैं। वे अभी तिहाड़ में बंद हैं। वे राउज एवेन्यू कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत के लिए अपील कर चुके हैं। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत पर 12 अप्रैल को सुनवाई होगी। कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत 17 अप्रैल तक बढ़ा चुकी है।

# भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे मौत केस में बड़ी कामयाबी, गायक समर सिंह गिरफ्तार

■ गाजियाबाद, एजेंसी।



भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे की मौत मामले में बड़ी जानकारी सामने आई है। फरार चल रहे भोजपुरी गायक समर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गाजियाबाद नंदग्राम थाना क्षेत्र से बीती रात सिंगर को अरेस्ट किया गया। अभिनेत्री की मां मधु ने अपनी बेटी की मौत का जिम्मेदार समर को बताया है। उन्होंने गायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं।समर सिंह आकांक्षा दुबे की मौत के बाद से फरार था। पुलिस मामले की कार्रवाई कर रही है। समर पर एक्ट्रेस की मां मधु ने ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। बता दें कि 26 मार्च को वाराणसी के एक होटल में आकांक्षा दुबे को मृत पाया गया था। अभिनेत्री का शव पंखे से लटका हुआ था। आकांक्षा और समर सिंह का अफेयर चल रहा था। आकांक्षा दुबे की मां ने अपनी बेटी के मर्डर होने का शक जताया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से समर सिंह को फांसी की सजा देने की गुहार लगाई है। आकांक्षा दुबे ने वाराणसी के सोमेंद्र होटल में 26 मार्च को फांसी लगाकर खुदकुशी की थी।

# पहले पत्नी, 2 बेटियों की हत्या, फिर ट्यूशन टीचर को रेप कर मार डाला

## अदालत ने दी सजा -ए- मौत



**जमशेदपुर एजेंसी ।** पत्नी, 2 बेटियों और उनकी ट्यूशन टीचर की हत्या में टाटा स्टील अग्निशमन विभाग के कर्मचारी रहे दीपक कुमार सिंह को गुरुवार को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। इस जघन्य कांड को कोर्ट ने रेयरेस्ट ऑफ रेयर की श्रेणी में माना है। दीपक कुमार सिंह को इससे पहले 4 अप्रैल को अदालत ने दोषी करार दिया था। उसे घाघीडीह सेंट्रल जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश किया गया। दीपक ने 12 अप्रैल 2021 को कदमा में घटना को अंजाम दिया था।अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने बताया कि अदालत ने धारा 302 में मृत्युदंड, दुष्कर्म में आजीवन कारावास व 50 हजार जुर्माना लगाया है। जुर्माना की राशि शिक्षिका की मां को दी जाएगी। अंकित और रोशन कुमार पर हमले करने में 10 साल, साक्ष्य छिपाने में 10 साल और पत्नी का जेवर बेचने में 3 साल की सजा मिली है। सुबह नौ बजे ही अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने फैसले को मुकम्मल करते हुए जेल से मुजरिम दीपक कुमसा सिंह, उसके अधिवक्ता और लोक अभियोजक को तलब किया। उसके बाद फैसला सुनाया। केस में20 गवाही हुई। फैसले के वक्त दोनों पक्ष के अधिवक्ता ही मौजूद थे। बचाव पक्ष के वकील ने कहा कि वे फैसले को चुनौती देंगे।

### बिजनेस पार्टनर को फंसाने के लिए किया मर्डर

केस में जो हत्या का कारण सामने आया, उसमें प्रभु के साथ उसने एक व्यवसाय शुरू किया था, जिसमें उसे घाटा हो गया था। प्रभु पर शक था कि वह लाभ में है। इसलिए उसने प्रभु को फंसाने के लिए योजना बनाई। हत्या के लिए उसने क्राइम सीरियल देखकर प्लान बनाया। उसके बाद उसने पत्नी और दोनों बच्चों को मारा। उसी वक्त ट्यूशन टीचर आ गई और शव को देख लिया इसलिए उसे मार दिया।

# तलवंडी साबो में आज सरेंडर करेगा अमृतपाल !

■ चंडीगढ़, एजेंसी।

वारिस पंजाब दे का प्रमुख अमृतपाल सिंह करीब 20 दिन से भगोड़ा चल रहा है। अभी तक पुलिस उसका कोई सुराग नहीं लग पाई है। हालांकि अब अंदेशा जताया जा रहा है कि अकाल तख्त के जत्थेदार हरप्रीत सिंह की ओर से शुक्रवार को तलवंडी साबो के तख्त श्री दमदमा साहिब में बुलाई गई चविशेष सभाज में वह आत्मसमर्पण कर सकता है। दूसरी तरफ इस बात को लेकर पंजाब पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां भी हरकत में आ गई हैं। पंजाब पुलिस के सभी कर्मचारियों की छुट्टियां 14 अप्रैल तक रद्द कर दी गई हैं। 14 तक किसी कर्मी को छुट्टी नहीं दी जाएगी वहीं पहले से स्वीकृत अवकाश भी रद्द कर दिए गए हैं।

**पंजाब पुलिस तैयार, 14 अप्रैल तक कर्मियों की छुट्टियां रद्द**

# देहरादून में सिलेंडर विस्फोट होने से लगी आग, चार बच्चों की मौत

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

उत्तराखंड के देहरादून के त्यूणी में एक घर में भीषण आग लगने से 4 मासूम बच्चों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक घटना सिलेंडर फटने से हुई। इस हादसे में ढाई साल की अधिरा, साढ़े पांच साल सौजल और नौ-नौ साल की समृद्धि और सोनम की जान चली गई।

# पकड़ा गया कूनो नेशनल पार्क से लापता चीता ओवान

**श्योपुर, एजेंसी।** कूनो नेशनल पार्क से भागा ओवान चीता आखिरकर पकड़ा गया। पिछले कई दिनों से फर चल रहा ओवान चीता गुरुवार को रिहायशी इलाकों में देखा गया था। शाम को ओबान को वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर पकड़ लिया है। टीम ओबान को लेकर श्योपुर के कूनो नेशनल प गई है। बता दें कि ओवान के बाद मादा चीता आशा भी जंगल से गायब हो गई थी। बताया जा रहा है आशा अभी भी जंगल में वापस नहीं आई है। बता दें कि पांच दिनों पहले ओवान लापता हो गया है। उसे ट्रैक्युलाइज करने के बाद मकड़ लिया गया है। अब आशा को पकड़ने के लिए भी बन विभाग। लगातार प्रयास कर रहा है। ओबान के पकड़े जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। दरअसल 5 दिन पहले ओवान नाम का नर चीता कूलो नेशनल पार्क से भाग गया था जो पिछले 3 दिन से शिवपुरी जिले के बैराड़ तहसील क्षेत्र के जंगल से लगे रिहायशी इलाके में घूम रहा था। गुरुवार शाम को दक्षिण अफ्रीका से आई स्पेशल टीम ने बेड तहसील क्षेत्र के गांव के जंगल से रेस्क्यू ऑपरेशन कर चीते को पकड़ लिया है। मार्क सीमा से बाहर आने के साथ ही कुनो नेशनल पार्क की टीम चीते की हर गतिविधि पर पैनी नजर ररखे हुए थी। इसके साथ ही पिछले 3 दिनों से मोहरी वन विभाग और पुलिस की टीम भी चीले की सुरक्षा में तैनात थी। गुरुवार की सुबह चीता गाजीगढ़ गांव के जंगल से निकलकर जादपुरा गांव के जंगल और खेतों में पहुंच गया था चीले की आमद से क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत बनी हुई थी बुधवार को चीला ज्ञान ने जोराई गांव के जंगल में चीतल का शिकार भी किया था



# कतर की खुफिया कैद में नौसेना के 8 रिटायर्ड अफसर

**240 दिन में भी नहीं टूटे एकांत कारावास के ताले**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कतर की खुफिया इकाई ने 30 अगस्त 2022 को भारतीय नौसेना के आठ रिटायर्ड अफसरों को बिना कोई कारण बताए गिरफ्तार कर लिया। कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर अमित नागपाल, कमांडर संजीव गुप्ता और सेलर रागेश की गिरफ्तारी के बाद उन्हें कतर की अलग-अलग जेल यानी च्खुफिया कारागारज्में रखा गया। करीब 240 दिन बाद भी इन अफसरों की रिहाई नहीं हो सकी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद में इसे च्बहुत ही संवेदनशील मामलाज्बताया था। कांग्रेस पार्टी के महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया है कि भारत सरकार अभी भी इस मामले के तथ्यों का पता लगाने या नौसेना के पूर्व कर्मियों और उनके परिवारों को न्याय दिलाने के लिए आश्वस्त करने में असमर्थ क्यों है। गत वर्ष भाजपा प्रवक्ता नुपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देने वालों में च्कतरज पहला देश था। कतर ने उस वक्त इस मुद्दे पर सार्वजनिक माफी की मांग की थी। इतना ही नहीं, पैगंबर मोहम्मद पर की गई टिप्पणी से आहत कतर ने, भारतीय राजदूत को भी समन किया था। देश की सीमाओं से बाहर जब यह मामला तूल पकड़ने लगा, तो भाजपा ने नुपुर शर्मा को छह वर्ष के लिए पार्टी से सस्पेंड कर दिया था।



# दुबई में सड़क हादसा के शिकार भारतीय को 11 करोड़ रुपये मुआवजा

**दुबई, एजेंसी।** ।चार साल पहले बस हादस में बुरी तरह घायल हुए एक भारतीय को 50 लाख दिरहम (भारतीय करेंसी में करीब 11 करोड़) रुपए का मुआवजा देने के ऐलान किया गया है। खबर है कि हादसे के बाद भारतीय शख्स का 50 फीसदी पर्मानेंट ब्रेन डैमेज हो गया था। जिसके बाद संयुक्त अरब अमीरात के सुप्रीम कोर्ट ने बीमा की रकम देने के निर्देश दिए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, साल 2019 में मोहम्मद बेग मिर्जा ओमान से यूएई आ रहे थे और दुबई में बस दुर्घटना का शिकार हो गई थी। उस हादसे में 17 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें 12 भारतीय थे। दरअसल, बस मेट्रो स्टेशन की पार्किंग के पास ओवरहैड हाइट बैरियर से टकरा गई थी।



यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें
मो. 9407348995, 7999718732

## फोर्टिस अस्पताल की लापरवाही

# कूल्हे की हड्डी फ्रैक्चर होने पर कराया भर्ती डॉक्टरों ने किया दिल का ऑपरेशन, मौत

**नोएडा , एजेंसी।** नोएडा के फोर्टिस अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। परिजनों का आरोप है कि कूल्हे की हड्डी में फैक्चर होने पर मरीज को भर्ती कराया गया था, लेकिन डॉक्टरों ने दिल का ऑपरेशन कर दिया। शव लेने से इनकार करते हुए परिजनों ने सेक्टर-58 थाना पुलिस से शिकायत की है। वहीं, अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज को पहले से दिल की बीमारी थी। मरीज की हर अपडेट परिजनों को दी जा रही थी। जयपुर के रहने वाले दिनेश कुमार सक्सेना (66) को गिरने की वजह से कूल्हे में फैक्चर हो गया था। राजस्थान में डॉक्टरों की हड़ताल के कारण वहां इलाज नहीं होने पर उन्हें लेकर नोएडा पहुंचे थे।

शनिवार को अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार को मरीज की एंजियोग्राफी की गई। मृतक के बेटे शुभम सक्सेना ने बताया कि उनके पिता की पहले दो बार एंजियोप्लास्टी हो चुकी थी। बुधवार सुबह तक उनकी हालत ठीक थी। सुबह उनकी एंजियोग्राफी कर दी गई। शुभम का आरोप है कि डॉक्टरों ने कोई जानकारी नहीं दी। शाम करीब 4.30 बजे जब वे आईसीयू में पहुंचे तो उनके पिता अचेत अवस्था में पड़े थे। शक होने पर जब डॉक्टरों से पूछा गया तो शाम करीब पांच बजे मौत की जानकारी दी गई। परिजनों ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। परिजनों ने शव लेने से इनकार करते हुए अस्पताल पर कार्रवाई की मांग उठाई है।



### अस्पताल ने दी ये सफाई

वहीं, अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मरीज को पहले से दिल और सांस की बीमारी थी। उनका शुगर बढ़ा हुआ था। कूल्हे की सर्जरी से पहले मरीज की हालत स्थिर करना जरूरी था। परिजनों को मरीज से संबंधित हर अपडेट दी जा रही थी। इलाज में किसी तरह की कोताही नहीं बरती गई। परिजनों का आरोप निराधार है।

मानवता की प्रतिमूर्ति, कर्मयोगी, पूर्व केबिनेट मंत्री
पं. श्री सत्येन्द्र पाठक जी
को जन्मदिवस पर शत्-शत् नमन
कर्म प्रधान सत्य निष्ठा के, आप हुए आदर्श हमारे
चलते ही रहना जीवन में, बने प्रेरणा आप हमारे
जब भी होगी कठिन परीक्षा, दुख के बादल घिर आएंगे
आप हमें बहुत याद आएंगे...
सजल नेत्रों से आपको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं

सदा कृतज्ञ रहेंगे
यश भारत परिवार
समस्त मित्र गण एवं स्नेहीजन
जबलपुर-कटनी

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष

# 39 हजार से ज्यादा ऑपरेशन का रिकार्ड बना चुके डॉ. सक्सेना

कटनी,यशभारत। मौत से दो-दो हाथ करते लोगों को जिंदगी देने वाले डॉ. दीपक सक्सेना अब तक 39 हजार से ज्यादा ऑपरेशन कर चुके हैं। संभवत: पूरे महाकौशल क्षेत्र के चिकित्सा जगत में अपनी सेवाओं से डॉ. सक्सेना खुद यह रिकार्ड कायम कर चुके हैं। 33 वर्षों के अपने सफर में उन्होंने



मौत से लड़ रहे हजारों लोगों को जिंदगियां दी है। पीड़ा से कराहते लोगों के लिए चिकित्सक भगवान के अवतार से कम नहीं होते। डॉ. दीपक सक्सेना का भी भगवान पर उतना ही भरोसा है जितना उनके पास पहुंचने वाले मरीजों को। यशभारत से बातचीत में वे कहते हैं कि हर ऑपरेशन के पहले मैं प्रार्थना करता हूं कि- हे ईश्वर, आप मुझमें आकर ऑपरेशन करें। मैं निमित्त मात्र हूं...। वे कहते हैं ऑपरेशन करने के बाद भी कई बार हम मानते हैं कि हमारे हाथ में कुछ नहीं है। एक चिकित्सक का पेशा ऐसा है जिसमें उसके लिए कर्म ही पूजा है। डॉ. सक्सेना ने 2008 में आज 7 अप्रैल के दिन ही एक हजार बिस्तरों के श्री हॉस्पिटल की शुरू की थी। इस इलाके के लिए उनका यह प्रयास किसी मील के पत्थर से कम नहीं। आज विश्व स्वास्थ्य दिवस पर यशभारत ने उनके साथ जीवन के अनुभवों को साझा किया।

यश भारत **मुलाकात**

## 33 वर्षों के सफर में मौत से लड़ रहे हजारों लोगों को दी नई जिंदगी

## 2008 में आज के दिन ही दी थी को सर्वसुविधायुक्त अस्पताल की सौगात

डॉ. दीपक सक्सेना का कहना है कि कटनी के लोगों ने न केवल उन पर पूरा भरोसा जताया बल्कि उन्हें बेइंतहा प्यार भी किया है। करीब 12 साल के सफर में लोगों ने उन्हें हाथों-हाथ लिया। वर्ष 2008 में जब श्री हॉस्पिटल का भूमिपूजन किया तब इंदौर, जबलपुर, हैदराबाद के अलावा अनेक बड़े शहरों के चिकित्सा जगत के लोगों को इस बात पर आश्चर्य हुआ कि इतने टेलेंट के बाद भी वे महानगरों को चुनने के बजाय कटनी जैसे छोटे शहर को अपना कार्य क्षेत्र क्यों बना रहे हैं। उन्हें उस वक्त देश के बड़े अस्पतालों से जुड़ने के ऑफर भी मिले, किन्तु डॉ. सक्सेना ने कटनी शहर के लोगों के लिए अपना जीवन समर्पित करने का दृढ़ निश्चय कर लिया था। वे कहते हैं कि उन 500-1000 लोगों का मैं जीवन पर्यंत ऋणी रहूंगा जिन लोगों ने शुरूआत में मुझपर भरोसा जताते हुए



ऑपरेशन कराया। करकेली की बच्ची के पहले ऑपरेशन के साथ सर्जरी की शुरूआत करने वाले डॉ. सक्सेना ने मेडिकल साइंस और सर्जरी के क्षेत्र में उस समय कदम रखा जब कटनी शहर में पथरी, हार्निया, पित्त की थैली, गुर्दे की थैली और बच्चेदारी के ऑपरेशन के लिए मुकम्मल सुविधाएं नहीं थी। ऐसे वक्त में डॉ. सक्सेना कटनी के लोगों के लिए मजबूत भरोसा बनकर सामने आए। कटनी ही नहीं वरन उमरिया, जबलपुर, शहडोल, पन्ना, छतरपुर, दमोह और सीधी सहित अन्य शहरों के लोग भी यदि आज डॉ. सक्सेना द्वारा की जाने वाली शल्यक्रिया पर भरोसा जता रहे हैं तो इसके पीछे वर्षों की कड़ी तपस्या और अपने कर्म के प्रति लगन है।

### विदेशों में किया प्रतिनिधित्व

डॉ. सक्सेना ने वर्ष 2000 में सिंगापुर वर्ल्ड कांफ्रेंस में भारत का प्रतिनिधित्व किया और लैप्रोस्कोपिक सर्जरी के पेपर प्रेजेंट किए। वर्ष 2002 में ग्लाजगो यूके में यूरोपियन एसोसिएशन ऑफ एंडोस्कोपिक सर्जरी की कांफ्रेंस में उन्हें ओरिजनल प्रेजेंटेशन अवार्ड मिला। उन्होंने 2003 में नेशनल लेबल की वर्कशॉप कटनी में आयोजित की जिसमें देश भर के लगभग 200 चिकित्सकों ने कटनी आकर अपनी भागीदारी दर्ज कराते हुए ऑपरेशन भी किए। वे अब तक जापान, टोकियो, बार्सीलोना, सिओल, साउथ कोरिया सहित देश विदेश की विभिन्न कांफ्रेंस में 150 से ज्यादा पेपर्स का प्रेजेंटेशन कर चुके हैं जिनमें उन्होंने ऑपरेशन के नए शोध के बारे में विस्तार से जानकारी दी। 2008 में एक हजार बैड के हॉस्पिटल की शुरूआत करने के बाद उन्होंने 2009 में साईंनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग की शुरूआत की। 2012 में सर्जन के लिए फैलोशिप कोर्स भी उन्होंने शुरू कराया और परीक्षा लेकर फैलोशिप प्रदान की। इसमें मध्यप्रदेश के 120 सर्जन को फैलोशिप दी गई।

### महाकौशल की पहली एंडोस्कोपी कटनी में

बातचीत में डॉ. दीपक सक्सेना ने बताया कि वर्ष 1989 से उन्होंने दिल्ली में ऑपरेशन का सिलसिला शुरू किया। एक वर्ष दिल्ली में बिताने के बाद 1990 में वे कटनी आए। 1995 में शाइन हॉस्पिटल मुम्बई में एंडोस्कोपी की ट्रेनिंग ली। 2 माह की ट्रेनिंग के बाद जब लौटे तो महाकौशल की पहली एंडोस्कोपी कटनी में शुरू की। फिर 2 वर्ष बाद अपोलो हॉस्पिटल हैदराबाद में लैप्रोस्कोपिक की ट्रेनिंग लेकर कटनी में ऑपरेशन शुरू किए।





# चर्चों में मनाया गया गुड फ्राइडे

### प्रभु यीशु मसीह के पुनर्त्थान दिवस पर चर्चों में प्रार्थना सभा का आयोजन


**कटनी, यशभारत।** प्रभु यीशु मसीह का पुर्नत्थान दिवस आज शहर में गुड फ्राइडे के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित गिरजाघरों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। स्थानीय एस एस फिलिप एंड जे स चर्च एवं सिविल लाइन स्थित सेंटपॉल चर्च में आज गुड फ्राइडे के मौके पर सुबह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर बड़ी सं या में बड़ी सं या में मसीही धर्मावलंबियों की उपस्थिति रही। ऐसा माना जाता है कि गुड फ्राइडे का उत्सव हर एक मसीही के लिए महत्वपूर्ण है। दरअसल इस दिन प्रभु यीशु मसीह को 2000 साल पहले सूली पर चढ़ाकर मृत्युदंड दिया गया था, इसमें भी परमेश्वर की महान योजना शामिल थी। प्रभु यीशु मसीह के बलिदान के द्वारा हर एक मानव जो किसी भी धर्म या जाति का हो, उन सब का पाप क्षमा किया जाय और इस मृत्यु के तीसरे दिन वोह फिर जीवित हो उठे। शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित चर्चों और गिरजाघरों में आयोजित कार्यक्रमों की बड़ी सं या में मसीही समाज के लोगों की उपस्थिति रही।



*कटनी में बीते दो दिनों से पारा उपर चढ़ रहा है दिन में धूप भले ही बादलों के ओट से निकल रही लेकिन तापमान में निरंतर वृद्धि हो रही है। दिन के साथ साथ रात्रि में भी गर्मी बढ़ गई है।*

# कटनी में फिर पता चला स्वर्ण भंडार, अबकी बार माइनिंग की जगी आस

**कटनी, यशभारत।** मध्य प्रदेश का विंध्य क्षेत्र हमेशा से ही खनिज संपदा के लिए जाना जाता है यहां से निकलने वाली कैमूर घाटी अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग खनिज संपदा उगल रही है यहां पन्ना में मिलने वाला हीरा विश्व प्रसिद्ध है इसके साथ ही कटनी में मिलने वाला चूना, शालीमना बाद का मार्बल, रीवा जिले में मिलने वाला पटिया पत्थर, सिंगरौली का कोयला देश में मशहूर है. इसी बीच एक बड़ी खबर कटनी से सामने आ रही है अगर सब कुछ ठीक रहा तो जिले के इमलिया में मध्य प्रदेश की पहली सोने की खदान लगाई जाएगी? फिलहाल इस पर सरकार और माइनिंग विभाग पूरी तरह गोपनीस स्तर पर काम कर रहा है। मामला सोने के मिलने का है लिहाजा लोग जगह पता चलते ही इसकी खुदाई में न लग जाएं इसलिए पूरा मामला गोपनीय रखा जा रहा है। अब से कुछ साल पहले भी ऐसा हो चुका है जब कटनी के समीप गांव में सोने मिलने की खबर के बाद हजारों लोग यहां पहुंच गए थे। हालात बिगड़े तो यहां केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल तक लगाना पड़ी थी। अब एक बार फिर सोने का पता लगने के बाद इसकी कई सालों से जांच चल रही थी यह सोना कितना है और इसकी माइनिंग हो सकती है अथवा



नहीं इसे लेकर अब केन्द्रीय खनन मंत्रालय अपनी जांच में जुटा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विशेषज्ञों द्वारा अनुमान लगाया गया है कि यहां साढ़े तीन लाख टन स्वर्ण अयस्क मौजूद है भारतीय खान ब्यूरो ने माइनिंग प्लान बना कर केंद्र सरकार को भेज दिया है और पर्यावरणीय अनुमति मिलने के बाद यहां खनन का कार्य भी शुरू हो जाएगा। सिफ यही नहीं कटनी के साथ ही बरही में भी स्वर्ण अयस्क मिलने की पुष्टि की गई है । कटनी के इमलिया गांव में वर्ष 2017 मैं स्वर्ण अयस्क होने का पता चल गया था तबसे ब्यूरो इस पर काम कर रहा है अब स्वर्ण अयस्क खनन के लिए अपना ली गई है और जल्द ही यहां सोने की खदान भी लगाई जाएगी यह कटनी के साथ-साथ पूरे मध्यप्रदेश के लिए अच्छी खबर है.।

### वर्ष 2019 से चल रही है सिंगरौली और कटनी में सोने की खनन प्रक्रिया पर कार्रवाई

सूत्रों के अनुसार वर्ष 2019 में खदान को नीलाम करने के प्रक्रिया शुरू होने की खबर आई थी लेकिन फिर किसी जांच को लेकर यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया था अब ऐसा होता है तो प्रदेश में पहली बार सोने का उत्खनन किया जाएगा। कटनी जिले के इमलिया क्षेत्र में 6 हेक्टेयर और सिंगरौली जिले के चकरिया क्षेत्र के 23 हेक्टेयर में सोनी, चांदी सहित अन्य धातु की खान चिंहित की गई है। कटनी में 700 किलो सोना तथा सिंगरौली के चकरिया खदान में 400 किलो सोना का भंडार होना बताया जा रहा है। खनिज साधन विभाग द्वारा तय की गई शर्तों के अनुसार जिस कंपनी को उत्खनन का ठेका दिया जाएगा वह यह सोना 29 हेक्टेयर में मात्र 120 मीटर गहराई तक ही निकाल सकेंगी। इससे अधिक गहराई में सोना निकालने के लिए सरकार से अनुमति लेने के अलावा माइनिंग प्लान अनुमोदन कराने और पर्यावरण की अनुमति लेनी पड़ेगी। कंपनी को सोने के अलावा चांदी सहित अन्य धातु को निकालने के लिए अलग से सरकार से अनुमति लेनी होगी और उसे यह बताना पड़ेगा कि खोदे गए मिट्टी के ढेर में कौन से धातु कितनी मात्रा में पाई गई है।

### कटनी जिले में ज्यादा सोना

भारतीय भू वैज्ञानिक के अनुसार कटनी में सोने की मात्रा ज्यादा है। सर्वे रिपोर्ट में यह बताया गया है कि यह 135 मिलियन टन अयस्क है। जिसमें पर टन 1.13 ग्राम सोना निकलने की संभावना है। यहां 7 सौ किलो सोने का भंडार होना तय है, जिसके आधार मूल्य 112 करोड़ रूपए है। अगर कंपनी इस क्षेत्र में गहन जांच करती है तो इसकी संभावना और बढ़ सकती है। लेकिन और सोने के भंडार की खोज के लिए सरकार से अनुमति लेना पड़ेगा। वहीं सिंगरौली में 0.138 मिलियन टन अयस्क है, जिसमें प्रति टन 1.30 ग्राम सोना तैयार होगा। जिसमें 400 किलो सोना निकाला जा सकेगा, जिसका आधार मूल्य 52 करोड़ बताया गया है। देश में सोना, लोहा और कोयले की खदानों को भारत सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों को ही उत्खनन का काम दिया जाता है। यह पहला मौका होगा जब सरकार निजी कंपनियों को सोने के उत्खनन में शामिल कर रहा है। जियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया द्वारा कटनी और सिंगरौली जिले में सोने की खोज पिछले तीन वर्ष से की जा रही थी। इसमें सोने की शुद्धता और उसकी गुणवत्ता परीक्षण के बाद ही यहां सोना होने प्रमाण के संबंध में राज्य सरकार को रिपोर्ट थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर खदान को नीलाम करने की तैयारी की जा रही है।

JOB OPENING
Requirement/Skills
1. Tally Prime, 2. Micro-soft Excel, Word
3. Communication Skills
The Dinesh Goods Transport Co.
Address- Near Ajay Dall Mill Madhavnagar gate Acc Post Katni M.P.
Contact- Ayush Jain
Mo. 8989020207

# फर्जी हस्ताक्षर से डाबर कंपनी को लाखों का चूना लगाने वाले दो आरोपियों को 3 वर्ष का सश्रम कारावास



### न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की न्यायालय ने सुनाई सजा

कटनी, यशभारत। न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी ने बैंक खातों में फर्जी हस्ताक्षर कर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में धारा 420, 468, 471 में दोषी पाते हुए दो आरोपियों को सुजा सुनाई है। न्यायालय ने आरोपी गुरूनानक वार्ड निवासी अशोक पांडे एवं छत्तीसगढ़ बिलासपुर के ग्राम मठसगरा निवासी मन्नू उर्फ मनोहरदास को 3-3 वर्ष के सश्रम कारावास एवं एक-एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक मीडिया सेल प्रभारी दिनेश कुमरे ने बताया कि फरियादी डाबर इंडिया कंपनी लिमिटेड के फैक्ट्री मैनेजर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पंजाब नेशनल बैंक कटनी में कंपनी का अधिकृत बैंक खाता है। उक्त खाते से अभियुक्त अशोक पांडे एवं मनोहर दास द्वारा अथॉरिटी अधिकारी के जानकारी के बिना फर्जी हस्ताक्षर कर कंपनी से धोखाधड़ी कर लगभग 6,28,564 रुपए चैकबुक के माध्यम से आहरण किए गए हैं। बैंक अधिकारी को संदेह होने पर इसकी सूचना फरियादी फैक्ट्री मैनेजर को दी गई। अपराध पंजीबद्ध उपरांत विवेचना में पाया गया कि अभियुक्तगण कंपनी के चैकबुक में अथॉरिटी अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर 3, 8 व 10 अप्रैल 2000 को पृथक-पृथक चैकबुक के माध्यम से खाते से लगभग 6,28,564 रुपए की रकम धोखाधड़ी कर निकाल चुके हैं। अभियुक्त के हस्ताक्षर का मिलान हस्ताक्षर विशेषज्ञ द्वारा विधि अनुसार कराया गया। अभियुक्त अशोक पांडे एवं मनोहरदास उर्फ मन्नू द्वारा अपराध घटित करना सबूत पाए जाने से अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अभियोजन ने अपने समर्थन में कुल 11 साक्षियों की साक्ष्य न्यायालय के समक्ष कराए एवं अभियुक्तगण के विरूद्ध अपराध के संबंध में विधिसंगत साक्ष्य प्रस्तुत कर तर्क प्रस्तुत किए। अभियोजन के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य एवं तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण को दंडित किया गया।

मरीज की सुरक्षा पहली प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सीटी मशीन की तुलना में रेडिएशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है।
क्योंकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नॉलाजी एवं आर्टीफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विस्तृत हो रही टेक्नॉलाजी को अपनाएं एवं बेहतर सुरक्षा के साथ बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक चौदहा की क्लीनिक के सामने
9893723087,8319994375, 8103404843 फोन 07622-494511

# सरकारी अस्पताल की आग में छिप गई निजी की जांच

**कटनी यशभारत।** कटनी में बीते माह सरकारी अस्पताल में आग क्या लगी पूरी जांच सरकारी अस्पताल की आग में ठहर गई जांच पूरी हो गई जिम्मेदारी भी तय हो गई लेकिन कटनी के निजी अस्पतालों में सुरक्षा विशेष तौर पर आग से बचने के इंतजाम को लेकर की गई जांच जारी हुए नोटिस, फिर मान्यता रद्द करने और मरीजों को भर्ती करने वाले चर्चित मामले से ध्यान उठ गया। कटनी जिले में करीब 22 ऐसे अस्पताल नर्सिंग होम्स में नोटिस जारी किया गया था इन सभी को एक हफ्ते के भीतर फायर एनओसी लेने को कहा गया था उसके बाद कई अस्पतालों को फिर से नोटिस देकर मरीजों को भर्ती करने तथा उनकी मान्यता को रोक लगाई गई थी लेकिन इसके बाद मरीजों के इलाज की व्यवस्था को बिगड़ता देख जनप्रतिनिधियों और अस्पताल प्रबंधन के बीच बैठक में एक माह का वक्त लिया गया था यह एक माह कब तीन फिर चार माह में गुजर गए पता ही नहीं चला इसके बाद जांच कर्ता अस्पताल अर्थात सरकारी अस्पतालों के जांच कर्ता डाक्टर ही जिला अस्पताल की आग में ऐसे घिरे कि निजी अस्पतालों की जांच भी फायर ब्रिगेड के पानी से ठंडी पड़ती दिख रही है।

### जबलपुर में कार्रवाई के बाद कटनी में भी उठे सवाल

जबलपुर में 12 अस्पतालों में ऐसे ही जांच के बाद उनकी मान्यता निरस्त करने का आदेश जारी हुआ तो बात कटनी तक भी पहुंची। कटनी के प्राइवेट अस्पतालों की जांच का क्या हुआ यह किसी को पता नहीं है। सिर्फ इतनी ही जानकारी है कि इन सभी प्राइवेट अस्पताल नर्सिंग होम्स को नोटिस दिया गया था सुरक्षा के उपायों को पूरा करने के लिए इसके बाद एक दो अस्पताल की जांच की गई लेकिन संतोष



जनक जानकारी नहीं मिली फिर मामला राजनीति और मानवीय संवेदना तक पहुंचा तो अस्पतालों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं हो सकी।

### करीब 8 माह पहले फायर सेफ्टी को लेकर की गई थी जांच

आपको बता दें कि करीब 8 माह पहले फायर सेफ्टी को लेकर की गई जांच में जिले में संचालित अस्पतालों में काफी कमियों का खुलासा हुआ है। जांच टीम को चार अस्पताल तो ऐसे संचालित मिले हैं, जिसमें गंभीर लापरवाही उजागर हुई। मरीजों की सुरक्षा की दृष्टि से जिला प्रशासन ने इन चारों अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने पर रोक लगा दी है। जबकि 22 निजी अस्पतालों को भी मानकों का पालन नहीं करने पर नोटिस जारी किया गया है। जांच में आई रिपोर्ट के बाद जिला प्रशासन ने हॉस्पिटल बस स्टैंड, नई बस्ती, रबर फैक्ट्री रोड,के चार अस्पतालों में मरीजों को भर्ती करने पर रोक लगा दी थी साथ ही अस्पताल संचालकों को 10 दिन के अंदर कमियों को दूर करने कहा गया है। नोटिस में कहा गया है कि समय सीमा में सुधार नहीं होने पर मप्र उपचर्याग्रह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापना नियम 1973 व नियम 1997 के प्रावधानों के तहत नर्सिंग होम का पंजीयन निरस्त करते हुए अस्पताल सील कर दिए जाएंगे। अस्पतालों की जांच के दौरान कुछ अस्पतालों में फायर एनओसी नहीं मिली, कुछ अस्पतालों में रख-रखाव सही नहीं पाया गया। फायर अलार्म, आपदा प्रबंधन कमेटी नहीं भी बनी है। इसके अलावा क्विक रिस्पॉस टीम, रैंप भी नहीं हैं। जांच के दौरान निकासी व प्रवेश द्वार भी अलग-अलग नहीं मिले हैं। इसके अलावा मानकों के आधार पर अन्य कमियां भी जांच के दौरान मिली है। बतादें कि जांच के बाद 26 निजी अस्पतालों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### सुरक्षा के प्रबंध नहीं थे

गौरतलब है कि जबलपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। यहां पर बड़े अस्पतालों सहित 12 अस्पताल के पंजीयन निरस्त कर दिए गए है. ऐसा कहा जा रहा है कि इन अस्पतालों में नियमों के अनुसार सुरक्षा के व्यापक इंतजाम नहीं किए गए थे। बताया गया है कि निजी अस्पताल में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सहित अन्य निर्धारित नियमों को पूरा न करने को लेकर स्वास्थ्य विभाग इन दिनों जांच कर रहा है. जांच के दौरान यह पाया कि जबलपुर के करीब 12 निजी अस्पताल में नियमों की अनदेखी की गई है। जिसके चलते मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी ने 12 निजी अस्पताल का रजिस्ट्रेशन निरस्त कर दिया। इसे लेकर हड़कंप मचा है।

यश भारत
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •
1 माह Rs.1000/- | 15 दिन Rs.1200/- | 7 दिन Rs.500/- | 3 दिन Rs.250/- | 1 दिन Rs.150/-
व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण | आम सूचना | इश्तहार | गुमशुदा | नाम सुधार | जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9425362893, 8839684296
e-mail : katni@yasshbharat.com

श्री SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ. दीपक सक्सेना
डॉ. शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक
बी.डी.एस./एम.डी.एस.
पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316



### अस्पताल में बसूता एवं बच्चों को बांटी कपड़े खिलौन आदि सामग्री

**कटनी, यशभारत।** कलचुरी महिला मंडल द्वारा विगत दिवस जिला अस्पताल के प्रसूता वार्ड के 51 नवजात शिशुओं को कपड़े खिलोने बिस्किट आदि का वितरण किया गया। कलचुरी महिला मंडल द्वारा समाज के हर वर्ग में समाजसेवा कार्य मंडल की महिलाओं द्वारा किया जाता है। इस तारतम्य में कल जिला अस्पताल के नवजात बच्चों को कपडे खिलोने वितरित किये गए। इस दौरान मंडल की दीपशिखा शिवहरे, इंद्रा राय, रुचि राय, लक्ष्मी जायसवाल, कांति जायसवाल , रोशनी राय, शोभा राय, मंजू राय, रानू जायसवाल, प्रीति राय, सोनू राय, कृष्णा राय, प्रीति राय, प्रतीक्षा जायसवाल आदि मौजूद रही।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, शुक्रवार, 07 अप्रैल 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी

# खलिहान में आग, लाखों की फसल जलकर स्वाहा

## नरवाई जलाने लगाई आग ने दो गांवों में 18 एकड़ फसल को पहुंचाया नुकसान

**कटनी, यशभारत। गर्मी का मौसम शुरू होते ही खेत-खलिहानों में अग्नि दुर्घटनाओं का सिलसिला भी शुरू हो गया है। कहीं नरवाई में लगी आग से फसल स्वाहा हो गई तो कहीं शार्ट सर्किट एवं अन्य कारणों से फसल जलकर राख हो रही है। पहले से ही प्राकृतिक आपदा की मार झेल रहे जिले के किसान इन अग्नि दुर्घटनाओं के बाद बरबाद होने की कगार पर पहुंच रहे हैं। खबर मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंची लेकिन ब तक बहुत देर हो चुकी थी। गुरूवार को दो स्थानों पर लगी आग से 18 एकड़ में लगी फसल जलकर राख हो गई।**

जानकारी के मुताबिक स्लीमनाबाद तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत धरवारा में गुरुवार को नरवाई की आग ने खेतों में लगी फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आगजनी की इस घटना में खेतों में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। हादसे के दौरान दमकल वाहन नहीं पहुंच सका। किसानों ने निजी बोरवेल के सहारे आग पर किसी तरह काबू पाया, हालांकि तब तक फसल जल चुकी थी। पीड़ित किसान रज्जू यादव व राजेश यादव ने बताया कि धरवारा निवासी शिवशंकर दुबे ने अपने खेत मे नरवाई जलाने आग लगाई थी, जिससे तेज हवाओं के चलते आसपास के खेतों में आग फैल गई। गनीमत यह रही की आग लगने के दौरान किसान अपने खेत में कृषि कार्य नहीं कर रहा था। पलक झपकते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। किसानों ने हिम्मत दिखाई और निजी बोरवेल से आग को नियंत्रित करने मे सफल हुए। घटना की खबर लगते ही हल्का पटवारी दिग्विजय सिंह ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया व पंचनामा बनाया। हल्का पटवारी ने बताया कि आगजनी की घटना से 3 एकड़ से अधिक फसल जलकर खाक हुई है। राहत राशि के लिए पंचनामा तैयार कर प्रकरण तहसीलदार को भेजा जाएगा।



### देवरीसानी में 15 एकड़ फसल को नुकसान

इसी तरह माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत निवार चौकी क्षेत्र में देवरीसानी गांव में किसानों की 15 एकड़ फसल जलकर राख हो गई। घटना गुरुवार दोपहर करीब 12.30 बजे की है। किसानों के खेत में गेहूं की फसल लगी हुई थी। जानकारी के अनुसार करीब 3 लाख की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने के कारण पता नहीं चल पाया है। आग लगते ही पूरे पहाड़ी निवार क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर किसानों की भीड़ जमा हो गई, लेकिन किसान आग बुझाने में कामयाब नहीं हो सके। जिसके बाद फायर ब्रिगेड कोसूचना दी गई। जिसके बाद फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। आग लगने के कारण किसान रामदया पाण्डे, किशोर सिंह ठाकुर, शुभान सिंह, कनछेदी चौधरी सहित अन्य किसानों की फसल जल गई है। मौके पर निवार चौकी का दल और निवार पहाड़ी सर्किल के पटवारी निवार सहित अन्य लोग पहुंचे।

### नरवाई जलाने पर नहीं लग रही रोक

किसानों का कहना है कि नरवाई जलाने पर जिला प्रशासन ने प्रतिबंध लगाया है, इसके बावजूद नरवाई जलाने वाले किसानों पर प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा। सख्ती नहीं होने की वजह से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। इस घटना में भी अफसरों ने कार्रवाई नहीं की। इस मामले में प्रभारी तहसीलदार शशांक दुबे ने बताया कि प्रभावित किसानों को आर्थिक सहायता के लिए आर बी सी 6-4 के तहत प्रकरण बनाया जाएगा।

### आदेश का उल्लंघन होने पर होगी कार्यवाही

नायब तहसीलदार उमरियापान संदीप सिंह से बताया कि नरवाई में आग लगाने का प्रतिबंधात्मक आदेश जिले से प्रतिवर्ष जारी किया जाता है, जिस पर सूचना मिलने पर कार्रवाई भी की जाती है, इसके बावजूद भी यदि किसान इस आदेश का पालन न करते हुए नरवाई में आग लगाने जैसे कार्य को अंजाम देते हैं तो उन पर 188 के तहत राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा कारवाही किये जाने का प्रावधान है।

### खेतों में नरवाई जलाने से घट रही मिट्टी की उर्वरा शक्ति

ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गेहूं की कटाई का कार्य चल रहा है। अधिकांश किसानों द्वारा यह कार्य मशीनों से कराया जा रहा है। अपनी फसल कटाई के बाद कुछ किसान ग्रीष्मकालीन फसलों की जल्द से जल्द बुवाई कराने की जुगत में जुटे हैं, जो की मशीनों से कटाई गई फसल से खेतों में बिछी नरवाई समेटकर घर लाने या खेत की मेंड़ में रखने की बजाय नरवाई में आग लगा रहे है। नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति तो साल दर साल घटती ही है साथ इसकी एक चिंगारी से आसपास खड़ी फसल में भी आग लगने का अंदेशा बना रहता है। बुधवार रात को खेरमाई के समीप खेतों में भी नरवाई जलाई गई। किसान प्रकाशनाथ साहू ने बताया कि उनके झिरहा खेत के समीप भी एक किसान द्वारा फसल कटाई के बाद आग लगाई गई है, जिसकी सूचना भी तत्काल उनके द्वारा संबंधित थाना प्रभारी को दी गई लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।



# निगम ने हटाए फुटकर दुकानदारों के अवैध कब्जे

## अतिक्रमण हटाने के दौरान विवाद, दुकानदारों ने कहा : कार्रवाई में मुंह देखा व्यवहार कर रहा नगर निगम

**कटनी, यशभारत।** शहर की सड़कों से अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम का अमला कल गुरूवार को अचानक सक्रिय हुआ। अतिक्रमण हटाने के लिए हाईकोर्ट के आदेश का हवाला दिया गया लेकिन इस दौरान फुटकर दुकानदारों के कब्जे ही हटाए गए। पक्के और स्थायी कब्जों को हटाने के लिए नगर निगम के अधिकारी साहस नहीं दिखा पाए। बताया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में लंबित याचिका में पारित अंतरिम आदेश के परिपालन में गुरुवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नगर निगम द्वारा की गई। जनहित याचिका में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत दिलबहार चौराहा से होते हुए खिरहनी ओवर ब्रिज से पशु चिकित्सालय तक अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की गई। नगर के प्रमुख मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने नगर निगम का अमला सड़क पर उतरा तो उसे फुटकर दुकानदारों के विरोध का सामना करना पड़ा। इस दौरान ठेला चालकों ने समय दिए जाने की मांग की। अधिकारियों का कहना था कि कई बार राहत दी गई है। एक दर्जन से अधिक स्थाई ठेले को जेसीबी के माध्यम से ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोड कराते हुए नगर निगम ले आई। दोपहर बाद जब लोग इस मार्ग से गुजरे तो सड़क चौड़ी दिखाई दीं। बताया जाता है कि दिलबहार चौराहा से होते हुए खिरहनी ओवर ब्रिज और पशु चिकित्सालय मार्ग से अतिक्रमण हटाए गए। अधिकांश ठेला चालक तो ऐसे भी रहे। जिन्हें कार्रवाई की जानकारी लगी तो वे इसे रोकने के लिए अफसरों के पास पहुंचे। इसी तरह बरही रोड स्टेशन मार्ग से भी अतिक्रमणकारियों को खदेड़ा गया। स्टेशन तिराहा से लेकर करीब पांच सौ मीटर आगे तक रेलवे स्टेशन की तरफ ठेला लगाकर व्यापार करते थे। सुबह से शाम तक मार्ग में ही लोगों की भीड़ लगी रहती थी।



# दद्दाधाम में भक्तिभाव से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**झांकियों के साथ निकली विशाल शोभायात्रा**

**कटनी, यशभारत।** दद्दाधाम में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। मंदिर में कॉलोनी निवासियों एवं दद्दा शिष्य मंडल के सदस्यों द्वारा धार्मिक अनुष्ठान किये गये। सर्वप्रथम झिंझरी स्थित हनुमान मंदिर से शोभायात्रा व झांकियां निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु भगवा झंडा लिए जय श्री राम, बजरंग बली के नारे लगा रहे थे। शोभायात्रा में श्रद्धालु पूरे उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए। शोभायात्रा श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम स्थित मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। वृद्ध आश्रम में दद्दाश्रय रामायण मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ, भजन, कीर्तन, आरती की गई। दद्दा शिष्य मंडल की ओर से भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय एवं आसपास के लोगों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। शाम को हनुमान चालीसा, भगवान भोलेनाथ, एवं दद्दा जी की समाधि स्थल में आरती, भोग, कन्या पूजन करने के बाद भंडारा प्रारंभ हुआ, जो कि देर रात तक जारी रहा।

# एनएचएम के संविदा कर्मचारी 18 अप्रैल से करेंगे भूख हड़ताल

**कटनी, यशभारत।** नेशनल हेल्थ मिशन एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी रेगुलर कर्मचारियों के समकक्ष 90 फीसदी वेतनमान, एमएलएचपी कैडर के तहत नियमित, निष्कासित कर्मचारियों की वापसी जैसी मांगों को लेकर भूख हड़ताल करेंगे। एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अनुसार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने विगत 15 दिसंबर से 3 जनवरी तक हड़ताल की थी। जिस पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद हड़ताल स्थगित की गई थी। इस दौरान एक माह के भीतर मांगों को पूरा करने की मांग संघ ने की थी। लेकिन अब तक मांगों को पूरा नहीं किया गया है। जिसको लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी भूख हड़ताल करने जा रहे हैं।

# स्थापना दिवस पर पंचायत भवनों में फहरा दिया भाजपा का ध्वज

## पंचायत कार्यालयों में हुए कार्यक्रम, कांग्रेस ने जताई आपत्ति, प्रशासन से कार्रवाई की मांग






**कटनी, यशभारत।** भाजपा के स्थापना दिवस पर जिले की दो ग्राम पंचायतों पर भाजपा का ध्वज फहराने का मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर इसकी फोटो वायरल होने के बाद कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताते हुए प्रशासन से तत्काल कार्यवाही की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शासकीय भवन किसी विशेष पार्टी का नहीं है। ऐसे में सरकारी संपत्तियों में पार्टी अपने स्थापना दिवस को लेकर न तो कार्यक्रम कर सकती है और न ही झंडा फहरा सकती है। स्थापना दिवस पर बहोरीबंद जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत छपरा एवं बड़वारा जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत निगहरा में भाजपा का ध्वज फहराया गया है। इस पूरे मामले में जिला पंचायत सीइओ शिशिर गेमावत ने दोनों ही ग्राम पंचायतों में जांच कराने की बात कही है और जांच के बाद ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बहोरीबंद की ग्राम पंचायत छपरा कार्यालय में कुआं मंडल अध्यक्ष सतीश नायक, जनपद अध्यक्ष लालकमल बसंल व सरपंच पति नीरज गुप्ता की उपस्थिति में तिरंगे के स्थान पर भाजपा का ध्वज फहराया गया। इसी तरह बड़वारा जनपद की ग्राम पंचायत निगहरा कार्यालय में भी भाजपा का ध्वज फहराए जाने का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि ग्राम पंचायत निगहरा के सरपंच बृजेन्द्र प्रताप सिंह बड़वारा भाजपा मंडल के अध्यक्ष भी है।

### इनका कहना है

शासकीय भवनों पर झंडा फहराए जाने का मामला फिलहाल संज्ञान में नहीं है। भाजपा के स्थापना दिवस पर जिले भर में कार्यक्रम हुए। जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों और आम कार्यकर्ताओं ने भी सहभागिता निभाई। इस मामले में संबंधित क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से जानकारी लेने के बाद ही कुछ कह पाएंगे। यदि ऐसा हुआ है तो यह निश्चित रूप से गलत है।

**-दीपक टंडन, जिलाध्यक्ष भाजपा**

केन्द्र और प्रदेश सरकार आम आदमी को राहत देने में विफल है। हर वर्ग परेशान है। सरकारी भवनों में पार्टी द्वारा झंडा फहराया जा रहा है। इस संबंध में प्रशासन को एक्शन लेना चाहिए। यदि पार्टी को लगता है, यह नियम है, तो वह कलेक्ट्रेट, जिला पंचायत व अन्य शासकीय भवनों में भी पार्टी का झण्डा लहराए।

**-करण सिंह चौहान**
**अध्यक्ष, जिला कांग्रेस ग्रामीण**

# हनुमान जन्मोत्सव पर रीठी में निकली भव्य शोभायात्रा

## पालकी पर सवार होकर निकले बजरंगबली, जय श्रीराम-जय हनुमान के जयकारों से गुंजायमान हुआ नगर





**रीठी, यशभारत।** रीठी स्थित मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। हनुमान भक्तों द्वारा पालकी सजाकर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान सारा आलम जय श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्टेशन रोड प्राचीन हनुमान मंदिर रीठी में एक दिन पूर्व से ही श्रीराम भक्तों द्वारा रात्रि 8 बजे से अखंड सीताराम कीर्तन का आयोजन किया गया, जो गुरुवार की सुबह तक चला। सुबह से ही मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ, हवन पूजन, प्रसाद वितरण तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, तो वहीं शाम के समय बजरंग दल कार्यकर्ताओं एवं राम भक्तों ने ढोल नगाड़ा, डीजे के साथ बाइक रैली निकाली, जो रीठी नगर से होते हुए मोहास संकट मोचन धाम मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की गई, तत्पश्चात रैली के समापन के बाद हनुमान जी की शोभायात्रा डीजे व ढोल नगाड़ों के साथ सैकड़ों भक्तों की मौजूदगी में निकाली गई। जो हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर श्रीराम जानकी मंदिर, दुर्गा मंदिर के बाद प्रसाद वितरण के साथ समापन किया गया, तो वहीं हनुमान जी की शोभायात्रा के दौरान श्री राम भक्तों के लिए जगह.जगह लोगो ने ठंडाई पेयजल एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था की। बताया गया कि बजरंग बली के भक्तों द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के दिन रीठी शराब दुकान खुली होने के कारण हनुमान भक्तों द्वारा शराब दुकान पहुंचकर शराब दुकान का शटर गिरकर दुकान बंद कर विरोध भी जताया गया।

कटनी में पहली बार सुपर स्पेशिलिटी स्वास्थ्य सेवाएं
mgm HOSPITAL
नागपुर, दिल्ली, कलकत्ता, मुंबई के विशेषज्ञ चिकित्सक
कटनी में प्रतिदिन उपलब्ध
एम.जी.एम. हॉस्पिटल कटनी
डॉ. एस.के.गुप्ता — दिल्ली के वरिष्ठ न्यूरो-स्पाइन सर्जन
डॉ. एस.के.सिंह — कलकत्ता के वरिष्ठ पेट रोग विशेषज्ञ तथा लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. पंकज गुप्ता — फ्रैक्चर एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशिलिटी सुविधायें 24 घंटे उपलब्ध है
CT Scan
M.R.I.
एंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
दूरबीन सर्जरी
डायलसिस
डॉ. रवि कुमार — कंसलटेंट फिजिशियन
डॉ. मानसी गुप्ता — मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ
डॉ. सुचित्रा — स्त्री रोग विशेषज्ञ, IVF स्पेशलिस्ट
24 घंटे इमरजेंसी सेवाएं
कचहरी चौक, फारेस्टर प्ले ग्राउण्ड के सामने, कटनी 07622-405070 9424957890
07622 405070 | www.facebook.com/mgmhrc | @mgmkatni | mgmhrc | mgmhospitalkatni | www.mgmhospitalkatni.com | info@mgmhospitalkatni.com

### बावली टोला में भंडारा




हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आजाद वार्ड के बावली टोला स्थित मंदिर में 28वां हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जगदीश रजक, अन्नू रजक, अंश, वंश, सोनू बर्मन, राजा बर्मन, दुर्गेश बर्मन, छुट्टू, टिंकू एवं मरही माता महिला मंडल की उपस्थिति रही।


किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340

सिटी मॉल बरही रोड में
भीड़ से भरा शानदार दूसरा सप्ताह


07 अप्रेल से
रोजाना 4 शो
01 PM-2D (AUDI-1)
3.30 PM-2D (AUDI-2)
07 PM-2D (AUDI-1)
9.30 PM-2D (AUDI-2)
भोला
कलाकार- अजय देवगमन, पुनीत, संजय मिश्रा, गजराज राव, विनीत कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज


07 अप्रैल से
रोजाना 4 शो
12.30 PM-2D (AUDI-2)
04 PM-2D (AUDI-1)
6.30 PM-2D (AUDI-2)
10 PM-2D (AUDI-I)
अगस्त 16-1947
कलाकार- गौतम कार्तिक, रिचर्ड एस्टन, जेसन शाह आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज


07 अप्रैल से
रोजाना 2 शो
8.30 AM-2D (AUDI-1)
11 AM-2D (AUDI-1)
सुपर मारियो 2डी
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

# भोपाल में छाया हनुमान जन्मोत्सव का उल्लास

# जगह-जगह निकलीं शोभायात्राएं

## जय-जय बजरंगवली व जय जय श्रीराम के जयकारे लगाते लोग पूजन अर्चन में जुटे

■ भोपाल, यशभारत।

शहर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पूर्ण श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह अखंड रामायाण पाठ, भंडारे और सुदरकांड पाठ का आयोजन किया गया था। शहर के कई स्थानों से शोभायात्राएं भी निकलीं। मंदिरों व कालोनियों में जय-जय बजरंगवली व जय-जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए लोग पूजन अर्चन में जुटे रहे। । हनुमान जन्मोत्सव के चलते मंदिरों व कालोनियों में अखंड रामायण पाठ बुधवार से शुरू हो गए थे।





### मथुरा से मंगाई पोशाक धारण की भगवान ने

प्राचीन श्रीराम मंदिर (आइएसओ) गुरुबख्श की तलैया में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर चोला, मथुरा से मंगाई पोशाक धारण करा, लाल फूलों, श्रीराम-हनुमान जी के ध्वजों से सजाया गया। दोपहर एक बजे छप्पन भोग आरती, अखाडों का प्रदर्शन, मुखियाओं का सम्मान हुआ। पूजा, अनुष्ठान, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### शोभायात्रा निकाली

भोपाल में सभी अखाड़ों के गुरुजन द्वारा गठित श्री हिंदू अखाड़ा महासंघ द्वारा परंपरा अनुसार युवाओं व बच्चों द्वारा साहसिक करतब को दिखाते हुए गुरुवार शाम 4.30 बजे भवानी चौक सोमवारा से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो चौक बाजार, इतवारा, मंगलवारा, घोड़ा नक्कास, बस स्टैंड से छोला मंदिर पहुंची, जहां पर ध्वजा चढ़ाकर शोभायात्रा का समापन हुआ। उल्लेखनीय है कि अखाड़ा द्वारा हनुमान जन्मोत्सव मनाए जाने की सालों पुरानी परंपरा आज भी बड़े रूप में मनाई जाती है। शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण 4 झांकियां, बैंड, 12 अखाड़े, ढोल, धर्म ध्वजा आदि रहे। शोभायात्रा में सात वर्ष छोटे बच्चे से लेकर 80 वर्ष उम्र के लोगों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

### गुफा मंदिर में होगा सहस्त्रधारा अभिषेक

गुफा मंदिर में सुबह 6.30 पर मंहत रामप्रवेश दास महाराज के सानिध्य में वैदिक ब्राह्मणों द्वारा श्री हनुमान जी का सहस्त्रधारा अभिषेक, सिंदूर, चोला अर्पण कर पूजन किया गया। वहीं शाम को 7 बजे गुफा मंदिर में निरन्तर 31 मार्च 1999 से प्रारम्भित अंखड श्री रामचरितमानस पाठ, जो कि पूर्व मंहत साकेतवासी चंद्रमादास त्यागी द्वारा प्रारम्भ किया गया , वहां पर पूजन कर श्री बूढ़े हनुमान महाराज जी की महाआरती हुई। इसके बाद सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ होगा तथा प्रसादी वितरण किया गया।

## 48 घंटे के भीतर भोपाल में कलेक्टर बनाए गए कौशलेंद्र का आदेश निरस्त, आशीष सिंह लेंगे लवानिया की जगह

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश सरकार ने 48 घंटे के भीतर भोपाल जिले के कलेक्टर बनाए गए कौशलेंद्र विक्रम सिंह का पदस्थापना आदेश निरस्त कर दिया गया। सोमवार देर रात भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया के स्थान पर मुख्यमंत्री कार्यालय में पदस्थ अपर सचिव कौशलेंद्र विक्रम सिंह को कलेक्टर बनाया गया था। वे



कार्यभार भी नहीं संभाल पाए और उनकी जगह आशीष सिंह को भोपाल कलेक्टर बनाए जाने का आदेश बुधवार रात को जारी किया गया। मध्य प्रदेश सड़क निगम के प्रबंध संचालक आशीष सिंह की जगह अब अविनाश लवानिया लेंगे। लवानिया की पदस्थापना जल निगम के प्रबंध संचालक पद पर की गई थी। आशीष सिंह इंदौर नगर निगम आयुक्त और उज्जैन कलेक्टर के पद पर रह चुके हैं। चुनावी जमावट के हिसाब से सोमवार को पांच कलेक्टर हटाए गए थे और दो का तबादला किया गया था। इसमें भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया का नाम भी शामिल था। उन्हें तीन माह बाद यहां पदस्थ रहते तीन साल होने वाले थे, इसलिए उन्हें बदले जाने की संभावना पहले से जताई जा रही थी प

## 15 दिनों के लिए तबादलों से प्रतिबंध हटा सकती है मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार

■ भोपाल, यशभारत।


चुनावी वर्ष को देखते हुए मैदानी जमावट के लिए सरकार 15 दिनों के लिए तबादलों पर से प्रतिबंध हटा सकती है। मंत्रियों और विधायकों ने भी इसकी मांग मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से की है। वैसे भी आचार संहिता लागू होने के पहले सरकार को ऐसे अधिकारियों को मैदानी पदस्थापना से हटाना पड़ेगा, जो एक स्थान पर तीन साल से पदस्थ हैं। इसमें राजस्व, पुलिस, सामान्य प्रशासन सहित उन विभागों के अधिकारी प्राथमिकता से आएंगे, जो सीधे तौर पर निर्वाचन कार्य से जुड़े रहते हैं। सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि चुनाव की आचार संहिता लागू होने के पहले उन अधिकारियों को मैदानी पदस्थापना पर से हटाना पड़ेगा, जिन्हें तीन साल एक स्थान पर हो गए हैं। इसके लिए सितंबर-अक्टूबर में कवायद करनी होगी। इसे देखते हुए सरकार पहले ही अपनी सुविधा के अनुसार अधिकारियों को पदस्थ कर सकती है। वहीं, विभागों को प्रशासकीय आवश्यकता के अनुसार तबादला करने की अनुमति नीति जारी कर दी जा सकती है। दरअसल, मंत्रियों ने मुख्यमंत्री से कुछ समय के लिए तबादले पर से प्रतिबंध हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी स्थानीय आवश्यकता के अनुसार इसकी मांग कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री ने भी आश्वस्त किया है कि सीमित समय के लिए प्रतिबंध हटाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले साल मई तक तबादले पर से प्रतिबंध हटाया गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री समन्वय से अभी तक तबादले होते रहे हैं। मंगलवार को ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने 17 जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के तबादले किए हैं। एक सूची और जल्द जारी हो सकती है।



## मध्य प्रदेश में राज्य पुलिस सेवा से भारतीय पुलिस सेवा में चयन के लिए दो मई को होगी डीपीसी

■ भोपाल, यशभारत।

राज्य पुलिस सेवा (रापुसे) से भारतीय पुलिस सेवा (आइपीएस) में चयन के लिए विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक दो मई को होगी। इसमें एक साथ दो वर्ष के 16 पदों के लिए राज्य सेवा के अधिकारियों के नाम पर विचार कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। वहीं, राज्य प्रशासनिक सेवा से आइएएस संवर्ग में चयन के लिए भी डीपीसी की तारीख जल्द घोषित हो सकती है। प्रदेश में राज्य पुलिस सेवा से आइपीएस संवर्ग में चयन के लिए वर्ष 2021 के 10 और 2022 के छह पद उपलब्ध हैं। इनके लिए गृह विभाग द्वारा 48 अधिकारियों के नाम वरिष्ठता और सर्विस रिकार्ड के आधार पर भेजे गए हैं। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इनका परीक्षण किया जा चुका है। अब दो मई को बैठक होगी, जिसमें अंतिम निर्णय हो जाएगा। अनिवार्य सेवानिवृत्ति दिए जाने के कारण 1995 बैच के अधिकारी अनिल कुमार मिश्रा का नाम सूची से बाहर हो गया है तो इसी बैच के देवेंद्र कुमार सिरोलिया और 1997 बैच के अरुण कुमार मिश्रा के नाम पर भी विचार क्षेत्र में नहीं रहेंगे। 1996, 1997 और 1998 बैच के अधिकारियों के नाम पर विचार कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बैठक में संघ लोक सेवा आयोग सदस्य और मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव गृह डा.राजेश राजोरा, पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना शामिल होंगे।




## न्यूज ब्रीफ

### महिला हेल्पलाइन में शिकायतें लंबित होने पर फिर बिफरीं महापौर



■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी में महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए नगर निगम द्वारा नई नगर सरकार के गठन के बाद महिला महापौर हेल्पलाइन की शुरुआत की गई है। लेकिन इसमें शिकायत करने के बाद भी महिलाओं की शिकायतों का निराकरण नहीं हो पा रहा है। ऐसे में बुधवार को हेल्पलाइन की समीक्षा करने पहुंची महापौर मालती राय नाराज हो गई और उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को फटकार लगाई। बता दें कि इसके पहले भी पिछले मंगलवार को महापौर हेल्पलाइन की समीक्षा करने पहुंची थी। तब भी उन्होंने सीवेज, जलकार्य और अतिक्रमण विभाग में लंबित शिकायतों पर अधिकारियों को फटकार लगाई थी। इधर बुधवार को भी महापौर सीवेज की पेंडिंग शिकायतों पर फिर नाराज हो गई। उन्होंने मोबाइल पर ही अफसरों को फटकार लगा दी। इसके बाद अपने कार्यालय में तलब किया।सीवेज का काम देखने वाले एक अधिकारी द्वारा मोबाइल पर काल रिसीव नहीं करने पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। पिछले सप्ताह भी महापौर सीवेज की शिकायतों पर ही नाराज हुई थीं। साथ ही महापौर राय ने हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निराकरण की कार्रवाई का कम्प्यूटर पर अवलोकन किया और अनेक शिकायतकर्ताओं से पर शिकायतों वसमस्याओं के निराकरण के संबंध में फीडबैक भी लिया। महापौर ने स्मार्ट सिटी द्वारा संधारित स्ट्रीट लाइट के अलावा जलापूर्ति एवं सीवेज की समस्याओं के निराकरण में विलंब पर नाराजगी जताई।

### जिले में तय लक्ष्य से 17 प्रतिशत कम में नीलाम हुईं शराब दुकानें



■ भोपाल, यशभारत।

आबकारी विभाग को हर बार तय लक्ष्य से कम में ही शराब दुकानों को नीलाम करना पड़ रहा है। इस बार भी यही हुआ और तय लक्ष्य से 17 प्रतिशत कम में शहर की 87 शराब दुकानों को आखिर नीलाम करना पड़ा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 971 करोड़ 21 लाख रुपये का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन 798 करोड़ 43 लाख रुपये में ही सभी दुकानों को नीलाम करना पड़ा है। इस तरह विभाग को तय लक्ष्य से 172 करोड़ 18 लाख रुपये का कम राजस्व प्राप्त हुआ है।

#### सात चरणों में पूरी हुई प्रक्रिया

इस बार नई आबकारी नीति में अहाते बंद किए जाने का विरोध करते हुए सभी ठेकेदारों ने दुकानें नहीं लेने का मन बना लिया था। इसके बाद ठेकेदारों ने नवीनीकरण के लिए कोई आवेदन नहीं किया और न ही लाटरी प्रक्रिया में हिस्सा लिया। फिर आबकारी विभाग ने 18 मार्च से ई-टेंडर प्रक्रिया शुरू की, जो कि 31 मार्च तक चली। इस दौरान सात चरणों में 33 समूह की 87 शराब दुकानों को नीलाम किया गया है। पहले चरण के छह समूह की 17 दुकानें मुनाफे में नीलाम हुई, लेकिन इसके बाद सभी चरणों में घाटे में ही दुकानों को नीलाम किया गया।


#### पहले चरण के छह समूह हुए 16 प्रतिशत मुनाफे में नीलाम

18 मार्च को शराब दुकानें नीलाम करने के लिए पहले चरण के 13 टेंडर खोले गए, जिनमें छह समूह की 17 शराब दुकानें 16 प्रतिशत मुनाफे में नीलाम हुई। इनके लिए रिजर्व प्राइस 107 करोड़ रुपये रखा गया था, जबकि यह 113 करोड़ 43 लाख रुपये में नीलाम हुई हैं।

## मध्य प्रदेश में चार दिनों से रोज मिल रहे कोरोना के 25 से ज्यादा मरीज, पर टीका उपलब्ध नहीं

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में बीते चार दिनों से कोरोना के मरीज अचानक बढ़ गए हैं। प्रतिदिन 25 से ज्यादा मरीज मिल रहे हैं। तीसरी लहर के बाद इतने मरीज कभी नहीं मिले। मरीज बढ़ने की बड़ी वजह यह है कि जांच कराने वालों की संख्या बढ़ी है। एक सप्ताह पहले तक जहां लगभग तीन सौ लोग प्रतिदिन जांच करा रहे थे, अब यह आंकड़ा एक हजार के ऊपर है। मरीज बढ़ने के बाद भी प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में कारोनारोधी टीका उपलब्ध नहीं है। नौ फरवरी तक कोविशील्ड वैक्सीन उपलब्ध थी।



### 25 प्रतिशत को ही सतर्कता डोज लगी

कोरोना मरीज बढ़ने के बीच चिंता की बात यह है कि प्रदेश में 18 वर्ष से ऊपर के पांच करोड़ 49 लाख लोगों में से एक करोड़ 36 लाख यानी 25 प्रतिशत को ही सतर्कता डोज लगी है। इसी तरह से दोनों डोज पांच करोड़ 40 लाख लोगों को लगी हैं। यानी नौ लाख (लगभग दो प्रतिशत) ने दूसरी डोज ही नहीं लगवाई। ज्यादातर लोगों को दूसरी डोज लगे हुए भी एक वर्ष से ज्यादा हो चुके हैं। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को इस बात का डर है कि कोरोना वायरस का कोई नया वैरिएंट आया तो मश्किल बढ़ सकती है।

### सरकार की तैयारी : 10 और 11 को माकड्रिल

मरीज बढ़ने के बाद एक बार फिर तैयारियों का आकलन करने के लिए 10 और 11 अप्रैल को पूरे प्रदेश में माकड्रिल की जाएगी। इसमें बिस्तर समेत अन्य उपलब्ध संसाधनों की जानकारी भारत सरकार के पोर्टल पर दर्ज की जाएगी। आक्सीजन प्लांटों को चलाकर देखा जाएगा। प्रदेश में 11 हजार 633 आइसीयू और 24 हजार 240 आक्सीजन बेड उपलब्ध हैं।

### भोपाल-इंदौर में मिल रहे सबसे ज्यादा मरीज

प्रदेश में कोरोना के जितने मरीज मिल रहे हैं उनमें 80 प्रतिशत से ज्यादा इंदौर और भोपाल के हैं। सोमवार को भोपाल में 16 और इंदौर में 11, मंगलवार को भोपाल में 15, इंदौर में छह, खंडवा में तीन, नर्मदापुरम और नरसिंहपुर में एक-एक मरीज मिले हैं।



## तू चल मैं आई

## ब्वॉयफ्रेंड ओवान के बाद मादा चीता आशा भी कूनो से फरार

■ भोपाल, ईएमएस।

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क के अधिकारियों की अजीब हालत है। वे पिछले चार दिन से ओवान को वापस लाने की जद्दोजहद कर रहे हैं, लेकिन अब उनकी परेशानियां दोगुनी हो गई हैं। बुधवार को ओवान की गर्लफ्रेंड आशा भी कूनो के जंगलसे बाहर निकल गई। अधिकारियों की चिंता इसलिए भी बढ़ गई है क्योंकि आशा शिवपुरी जिले की ओर बढ़ रही है जहां लोगों को यह नहीं बताया गया है कि चीते से अपनी सुरक्षा कैसे करें। ओवान और आशा को पिछले साल 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूनो नेशनल पार्क के बाड़े में छोड़ा था। इन दोनों का नाम भी प्रधानमंत्री ने ही रखा था। 11 मार्च को दोनों को बाड़े से निकालकर जंगलों में छोड़ा गया था। नामीबिया से लाया गया यह जोड़ा अब कूनो से बाहर है और अधिकारियों की नींद हराम हो रही है। पिछले चार दिनों से ओवान कूनो के आसपास के गांवों में घूम रहा है। वह कभी खेत तो कभी नदी में पानी पीते हुए नजर आ चुका है। वह अब तक रिहायशी इलाकों से दूर है। प्रोजेक्ट चीता के अधिकारी अब डार्टिंग के जरिए पकड़ने की योजना बना रहे हैं। इस बारे में गुरुवार को फैसला लिए जाने की संभावना है।

## 500 रुपये रोज किराये का झांसा देकर 50 हजार का कैमरा हड़पा

■ भोपाल, यशभारत।

शहर के कोहेफिजा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक छात्र को दो जालसाजों ने 50 हजार की चपत लगा दी। आरोपितों ने प्रतिदिन पांच सौ रुपये के हिसाब से छात्र का कैमरा किराए पर लिया था। लेकिन दो माह से न तो उन्?होंने किराया दिया और न ही कैमरा वापस किया। आरोपितों ने अपने मोबाइल फोन भी स्विचआफ कर लिए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ अमानत में खयानत का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।कोहेफिजा थाना पुलिस के मुताबिक हाउसिंग बोर्ड कालोनी कोहेफिजा निवासी 25 वर्षीय फरहान कालेज छात्र है। उसने पुलिस को बताया कि जनवरी में उसने ओएलएक्स पर अपना कैमरा किराए पर देने के लिए विज्ञापन डाला था। इस विज्ञापन पर दिए गए मोबाइल नंबर पर एक युवक ने छात्र से संपर्क किया। इसके बाद 21 जानवरी को पवन और नितिन नाम के दो युवक नगर निगम फिटनेस सेंटर कोहेफिजा के पास छात्र से मिले।

## भोपाल की समता अग्रवाल बच्चों को दे रहीं सुंदरकांड पाठ के जरिए संस्कारों की सीख

■ भोपाल, ईएमएस।

नई पीढ़ी कहीं न कहीं सनातन धर्म से दूर हो रही हैं। 21वीं सदी में मोबाइल व इंटरनेट मीडिया की लत में लोग पड़ते जा रहे हैं। ऐसे में सामाजिक दूरियां बढ़ रही हैं। बच्चे दादा-दादी, नाना-नानी की कहानियां सुनना तो दूर, उनके साथ थोड़ा समय भी व्यतीत नहीं कर रहे हैं। आध्यत्मिकता से जुड़ने की सीख से बच्चे कोसों दूर जा रहे हैं। इस बदलाव को रोकने और भारतीय संस्कृति को बच्चों में जीवित रखने के उद्देश्य से शहर के अरेरा कालोनी निवासी समता अग्रवाल एक अनूठा कार्य कर रही हैं। बच्चों को घर-घर जाकर सुंदरकांड का पाठ करा रही हैं। वे सप्ताह के मंगलवार और शनिवार को किसी भी कालोनी में एक घर चुनती हैं। वहां पर सुंदरकांड पढ़कर बच्चों को सुनाती हैं। उनकी इस पहल से समाज में सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। अब तक 100 ऐसे बच्चे जो हनुमान चालीसा नहीं जानते थे। रामायण का ज्ञान नहीं था। अब वे बच्चे सुंदरकांड कर रहे हैं। रामायण के बारे में



समझ रहे हैं। बच्चों को मोबाइल देखने, वीडियो गेम खेलने की लत को देखते हुए समता अग्रवाल को विचार आया कि जब हम बच्चे थे तो दादा-दादी, नाना-नानी की कहानियां सुनते थे। वो भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, शिवजी, हनुमानजी, मां दुर्गा के बारे में बताते थे। मंदिर और भागवत कथाओं में साथ लेकर जाते थे। माता-पिता बड़े-बुजुर्गों का आदर व सम्मान करने की सीख देते थे। आजकल के बच्चों में यह सब देखने को नहीं मिल रहा है, इसलिए समता अग्रवाल ने घर-घर जाकर बच्चों के बीच सुंदरकांड का पाठ करने, उन्हें रामायण, महाभारत के बारे में बताना 2019 में हनुमान जन्मोत्सव के पावन मौके पर शुरू किया, जो निरंतर चल रहा है।

### कोरोना में लगाई आनलाइन पाठशाला

कोरोना संक्रमण का दौर जब चरम पर था, तब भी समता अग्रवाल ने छह से 17 वर्ष के बच्चों को सुंदरकांड का पाठ कराया। आनलाइन कक्षाएं लगाई, जिनमें भोपाल सहित उज्जैन, इंदौर, विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, सिंगरौली, रायपुर, ग्वालियर, चेन्नई सहित कई शहरों के बच्चे जुड़े, जो उनके संपर्क में थे।

## 20 करोड़ रुपये स्वीकृत

## चीतों को बसाने के लिए गांधी सागर अभयारण्य होगा तैयार

■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश में चीतों का अगला रहवास क्षेत्र गांधीसागर अभयारण्य होगा। अभयारण्य को तैयार करने के लिए कैंपा फंड से 20 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे अभयारण्य के तीन तरफ से चैनलिंग फेंसिंग की जाएगी और उसमें अन्य क्षेत्रों से पकड़कर शाकाहारी वन्यप्राणियों को छोड़ा जाएगा। इसमें करीब डेढ़ साल लगेंगे। संभावना जताई जा रही है कि भविष्य में दक्षिण अफ्रीका से लाए जाने वाले चीते गांधीसागर में ही छोड़े जाएंगे।

भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के अध्ययन के अनुसार चीतों के लिए मध्य प्रदेश में कूनो पालपुर, गांधीसागर और नौरादेही अभयारण्य का जंगल अनुकूल है। कूनो की तुलना में गांधीसागर में ज्यादा मैदानी क्षेत्र है। जिसमें चीते अच्छे से जीवित रहने (सर्वाइव) में सफल होंगे। इसलिए गांधीसागर अभयारण्य को तैयार किया जा रहा है। इसमें एक तरफ गांधी सागर बांध का पानी है, तो तीन तरफ जंगल है। चैनलिंग जाली लगाकर जंगल वाले क्षेत्र को बंद किया जाएगा। इसमें चीतों को लाने से पहले हिरण, नीलगाय, चीतल सहित अन्य वन्यप्राणी छोड़े जाएंगे। अब यह तय किया गया है कि जहां भी शाकाहारी वन्यप्राणियों को पकड़ने की स्थिति बनेगी, उन्हें गांधीसागर में ही छोड़ा जाएगा।

Food Poisoning in Khargone: खरगोन के रेणुका माता मेले में मटका कुल्फी खाने से 40 लोग बीमार

Food Poisoning in Khargone: खरगोन के रेणुका माता मेले में मटका कुल्फी खाने से 40 लोग बीमार

यह भी पढ़ें

### दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञ देंगे नीलगाय को शिफ्ट करने का प्रशिक्षण

मंदसौर, नीमच, शाजापुर, छतरपुर, छिंदवाड़ा सहित प्रदेश के 35 जिलों में नीलगाय और काले हिरण फसलों के लिए समस्या बने हुए हैं। किसाल हर साल फसलों के नुकसान का मुद्दा उठाते हैं और विधानसभा में भी हंगामा होता है। इस समस्या से मुक्ति पाने के लिए वन विभाग 10 साल से प्रयास कर रहा है, पर सफल नहीं हुआ है। अब इसमें दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों की मदद ली जा रही है। चीतों को छोड़ने कूनो पालपुर आए दक्षिण अफ्रीका के विशेषज्ञों को हाल ही में शाजापुर का दौरा कराया गया है। उन्होंने समस्या देखी और हेलिकाप्टर की मदद से नीलगाय को खदेड़ने और शिफ्ट करने की रणनीति बनाई है। इसमें हेलिकाप्टर किराए पर लेना पड़ेगा, जबकि पायलट विशेषज्ञों के साथ ही आएगा। इस पर तीन करोड़ रुपये का खर्च संभावित है। वन्यप्राणी मुख्यालय ने शासन को यह प्रस्ताव भेजा है। बता दें कि वर्ष 2014-15 में विभाग ने ऐसा ही प्रयास किया था, पर यहां का पायलट ठीक से नीलगायों को हाका नहीं दे सका। एक नेता हेलिकाप्टर में घूमने की जिद करने लगे।इस कारण आगे के प्रयास रोक दिए गए थे।

क्लासीफाइड

क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक

डॉ. शंकर हबलानी बी.डी.एस. (इंदौर)

विशेषताएं -रूट कैनाल ट्रीटमेंट, फिक्स दांत , बत्तीसी , दांतों की सफाई , टेढ़े मेढ़े दांतों एवं पायरिया इलाज ।

पता- रेनबो कलर लैब के सामनेसतना बिल्डिग जबलपुर मो. 9340734722, 9300049344

23 अप्रैल

उपलब्ध है

GKS Shopping.com

प्रिंटिंग व स्टेशनरी थोक में उपलब्ध। कॉपी एवं रजिस्टर पर 30 से 50 प्रतिशत तक छूट। (डिस्काउंट क्वांटिटी पर ) स्टेशनरी संबंधी सभी सामान उचित दाम पर उपलब्ध।

पता: शॉप नंबर 5 बालाजी मार्केट, कछियाना, जबलपुर मप्र।

मो. 9098189412

# आवेदन दर्ज करने के साथ डीबीटी इनेबल्ड और बैंक खातों को आधार से भी करें लिंक

**कटनी,यशभारत।** कलेक्टर अवि प्रसाद ने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के आवेदन पत्रों को ऑनलाइन दर्ज करने के साथ -साथ बैंक खातों को आधार से लिंक कराने तथा खातों को डी.बी.टी. इनेबल्ड कराने की ओर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए है। श्री प्रसाद गूगल मीट के माध्यम से लाड़ली बहना योजना के आवेदनों और ई- के.वाय.सी कार्यो की प्रगति की वर्चुअली समीक्षा कर रहे थे। वर्चुअली समीक्षा के दौरान जिला पंचायत के सी.ई.ओ. शिशिर गेमावत, नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे, जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, जिला प्रबंधक ई-गवर्नेस सौरभ नामदेव, लोक सेवा के जिला प्रबंधक दिनेश विश्वकर्मा, सभी जनपद पंचायतों के सी.ई.ओ नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी और जन अभियान परिषद के जिला

### कलेक्टर अवि प्रसाद ने लाड़ली बहना योजना की वर्चुअली समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

समन्वयक डॉ तेज सिंह केशवाल जुडे थे। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान कहा कि ऑनलाईन आवेदन भरने के साथ -साथ डी.बी.टी इनेबल्ड और बैंक खातों को आधार से लिंक करने की प्रक्रिया समानांतर चलनी चाहिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने ऑनलाइन आवेदन पत्रों के पंजीयन की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि हम सब को अपने कमजोर पहलुओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है ताकि इस कार्य में और भी अधिक गति परिलक्षित हो। मानव संसाधन बढ़ाने जहां जरूरत हो और कर्मियों की भी आई.डी. बनायें। वर्तमान में जिले के लिए लक्ष्यांकित आवेदन पत्रों की संख्या 181502 के विरूद्ध जिले मे अब तक 93 हजार 501 ऑनलाईन आवेदन पत्र दर्ज किये जा चुके है। लाड़ली बहना योजना के ऑनलाईन आवेदन पंजीकृत करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है।

### 93 हजार से अधिक आवेदन दर्ज

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत अब तक 93 हजार 501 ऑनलाइन आवेदन दर्ज किये जा चुके है। जिले की जनपद पंचायत ढीमरखेडा में 16 हजार 760, जनपद पंचायत बहोरीबंद में 17 हजार 882, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ 10 हजार 349, जनपद पंचायत बड़वारा 12 हजार 99, जनपंद पंचायत रीठी 11 हजार 491, जनपद पंचायत कटनी 11 हजार 217, नगर निगम कटनी 12 हजार 235 , नगर परिषद विजयराघवगढ़ 493, नगर परिषद बरही 408, नगर परिषद कैमोर 567 आवेदन दर्ज किये गए।



## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना





# महिला एवं बाल विकास का अमला खेत खलिहानों में जाकर भरवा रहा आवेदन

**कटनी,यशभारत।** जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के ऑनलाइन आवेदन करनें के कार्य में काफी तेजी आई है। विशेषकर महिला एवं बाल विकास विभाग के अमले की सक्रिय सहभागिता की वजह से आवेदन पत्रों के पंजीयन के आंकडे में संख्यात्मक सुधार हुआ है। महिला बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता देर शाम को जहां घर-घर जाकर इस कार्य को संपादित कर रहीं है। वहीं खेती किसानी के कार्य में लगी महिलाओं का ऑनलाईन आवेदन पंजीकृत करने सुपरवाइजर व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खेत खलिहानों में भी पहुंच रही है।

# विलक्षण प्रतिभा की धनी श्रीजा की शिक्षा में आर्थिक तंगी नहीं बनेगी बाधा

**कटनी,यशभारत।** आर्थिक तंगी विलक्षण प्रतिभा की प्रगति की राह में बाधा नहीं बनेगी। उत्त्काशय का वादा विलक्षण प्रतिभा की धनी 5 वर्षीय श्रीजा से मिलकर कलेक्टर अवि प्रसाद ने किया और उसके बेहतर शिक्षण की व्यवस्था के निर्देश वार्डस्ले स्कूल कटनी के प्रिंसिपल को दिए। बरगवां निवासी 5 वर्षीय श्रीजा की तीव्र स्मृति और आर्थिक तंगी की वजह से उसकी शिक्षा में आ रही बाधा के संबंध में जानकारी लगने पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने श्रीजा से कलेक्टर कार्यालय में मुलाकात की। अपनी मां श्रीमती लकी अग्निहोत्री, पिता उमाकांत अग्निहोत्री और बुआ कल्पना दुबे के साथ कलेक्टर श्री प्रसाद से मिलने पहुंची श्रीजा के बारे में उसके अभिभावकों ने बताया कि इतनी कम उम्र होने के बावजूद श्रीजा को भगवान श्रीराम की वंशावली, गीता के श्लोक, श्रीरामचरितमानस की चौपाई, कबीर के दोहे, 60 देशों की राजधानी, भारत के सभी राज्यों की राजधानी, श्री राम स्तुति, हनुमान चालीसा, राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, झांसी की रानी कविता कंठस्थ याद है। श्रीजा ने कलेक्टर श्री प्रसाद को गीता के श्लोक और श्री रामचरितमानस की चौपाई सुनाई। श्रीजा की तीव्र स्मृति से कलेक्टर श्री प्रसाद काफी प्रभावित हुए और उसे उपहार स्वरूप पुस्तकें भेंट की। साथ ही उसके अभिभावकों को आश्वस्त किया कि आर्थिक तंगी श्रीजा के शिक्षण की राह में बाधा नहीं बनेगी। श्रीजा की शिक्षा व्यवस्था के लिए वार्डस्ले स्कूल के प्राचार्य अतुल अब्राहम को निर्देशित करने हुए कोई भी परेशानी आने पर अवगत कराने कहा। जिस पर श्रीजा के अभिभावकों ने कलेक्टर श्री प्रसाद को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**5 वर्षीय श्रीजा की तीव्र स्मृति से प्रभावित कलेक्टर ने दिया आश्वासन, उपहार में दी पुस्तकें**

# जिले में स्वास्थ्य सुविधा नदारद, रीठी में मानवता शर्मसार: कांग्रेस

### मृतक महिला के शव को घर ले जाने जेवर गिरवी रखने पड़े

**कटनी,यशभारत।** जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने कहा है कि रीठी तहसील मुख्यालय में महिला के शव को घर ले जाने के लिए मृतक महिला के जेवर गिरवी रखने पड़े। इससे ज्यादा शर्म की क्या बात होगी। उन्होंने कहा कि कटनी जिले में स्वास्थ्य सुविधा नदारद है आम नागरिक परेशान है स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा है। ज्ञात है कि रीठी स्वास्थ्य केंद्र में ग्राम सिमरा कला निवासी सरोज बाई पति गोपाल सिंह बीमार अवस्था पर स्वास्थ्य सुविधा ले रही महिला की हालत बिगड़ने के बाद उन्हें कटनी जिला चिकित्सालय रिफर किया गया था लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई महिला की मौत होने के बाद उनके परिजनों द्वारा उनके शव को वापस रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया परंतु स्वास्थ्य केंद्र में जिस तरीके से व्यवहार किया गया वह मानवता को शर्मसार करने लायक है। क्षेत्रीय नागरिकों ने बताया की महिला के परिवार के लोगों ने स्वास्थ्य विभाग एवं पुलिस विभाग में गुहार लगाई, लेकिन प्रभारी चिकित्सक एवं कानून व्यवस्था का पालन करने वाले क्षेत्रीय पुलिस थाने ने भी कोई भी संज्ञान नहीं लिया' जिससे मजबूरन मृत महिला के परिवार ने महिला के जेवर गिरवी रखकर डीजल की व्यवस्था की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने स्वास्थ्य सचिव एवं कलेक्टर को पत्र लिखकर दोषी अधिकारियों के ऊपर कार्रवाई करने की मांग की है श्री चौहान ने आरोप लगाया है कि यह व्यवस्था केवल रीठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं है बल्कि कटनी जिले के हर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित जिला चिकित्सालय में गरीबों का उचित इलाज नहीं हो रहा है गरीबों को कष्ट को कोई देखने वाला नहीं है श्री चौहान ने कहा कि कटनी जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई है शासन की स्वास्थ्य विभाग की योजनाएं केवल अखबारों में ही सुनाई दे रही है मैदानी स्तर पर नागरिक हैरान एवं परेशान है चिकित्सालय में डॉक्टरों का व्यवहार से मरीज असंतुष्ट है।




# सतगुरू बाबा थॉवरदास जी का 241वॉ जन्मोत्सव 13 अप्रैल को मनाया जायेगा मेहड़ दरबार में

**कटनी,यशभारत।** सिंध प्रांत के दादू जिले के मेहड़ शहर की प्रसिद्ध मेहड़ दरबार की चौथी पातशाही सतगुरू बाबा थॉवरदास साहब का जन्म 13 अप्रैल 1783 को बैसाखी के शुभ दिन अमृत बेला में भवानीमल ठाकुर के घर में हुआ था। जन्म के समय घर में एक ऐसा अलौकिक प्रकाश फैल रहा था जिस कारण बाबा थॉवरदास के पिता मेहड़ दरबार की तीसरी पातशाही पूज्य सतगुरू बाबा मंगलदास के पास गये। उन्हें पूरी बच्चे के जन्म की बात बताई, बाबा मंगलदास ने सब सुनकर उनको कहा यह एक संत का जन्म हुआ है। यह बालक (थाऊँ) मेरे बाद मेरी गद्दी का मालिक बनेगा। आप इसके जन्म की खूब खुशियां मनाओ, आगे चलकर इस बालक का नाम थाऊँ से बाबा थॉवरदास के नाम से प्रसिद्ध हुआ। समाजसेवी वरंद चांदवानी की विज्ञप्ति के अनुसार श्री मेहड़ दरबार, शांति नगर, कटनी में दादी नानकी देवी के सानिध्य में जन्मोत्सव कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम व श्रद्धा भाव के साथ मनाया जायेगा जिसके अंतर्गत आज 7 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से श्री सुखमनी व जपुजी साहब का पाठ आरंभ होगा एवं 10 बजे जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में साप्ताहिक पाठ आरंभ होगा। रोजाना प्रातः एवं सायंकाल नित्यनेम वाहि गुरू जाप शब्द कीर्तन आध्यात्मिक सत्संग एवं बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम व गुरू देवों की आरती अरदास का आयोजन होगा।



12 अप्रैल को बाबा थॉवरदास जी के जन्मोत्सव के लाडा (हर्ष गीत) का कार्यक्रम सायं 6 बजे से आयोजित होगा। 13 अप्रैल गुरूवार बैसाखी के शुभ दिन प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक सत्संग भजन कीर्तन के बाद दोपहर 11 बजे से गुरू का लंगर (आम भंडारा) आयोजित होगा। श्री सुखमनी व श्री जपु जी साहिब के पाठ को भोग पड़ेगा। तत्पश्चात् साप्ताहिक पाठ को भोग पड़ेगा एवं गुरू देवों की आरती अरदास होगी। इस जन्मोत्सव की कड़ी में 13 अप्रैल को सायंकाल 5 बजे से वाहिगुरू जाप बाबा थॉवरदास महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन एवं 241 दीपकों से समाधि स्थल पर गुरू देवों की महाआरती की जायेगी एवं जन्मदिन का केक काटकर बधाई गीत गाये जायेंगे व छप्पन भोग प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद वितरण व सेवकों का भंडारा आयोजित होगा। अतः धर्मप्रिय जनों से मेहड़ दरबार की दादी साहिबा नानकी देवी एवं दरबार के नारायण दास (पप्पू भैया) बाबा थॉवरदास सेवा मंडल ने निवेदन किया है कि इस महान संत के जन्मोत्सव के हर कार्यक्रम में पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर अपना जीवन सफल बनायें। 18 अप्रैल को छठी (नामकरण) उत्सव सायंकाल 5 से 7 बजे तक दरबार में ही मनाया जायेगा। जन्मोत्सव की कड़ी में 17-18-19 अप्रैल को श्री पूज्य मेहड़ दरबार, तोरबा नाका, बिलासपुर में व 25-26-27 अप्रैल को अहमदाबाद में भी मेहड़ दरबार के सेवक संजय कुमार के सौजन्य में धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया जायेगा।



# वित्तमंत्री और सांसद ने दिव्यांग अमित की सेवा भावना को सराहा

**कटनी,यशभारत।** जिले के विकासखण्ड रीठी के ग्राम पंचायत बड़खेरा निवासी अस्थिबाधित दिव्यांग अमित लोधी द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन भरने मे महिला हितग्राहियों की, की जा रही निःस्वार्थ सेवा भावना को प्रदेश के वित्त मंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा सहित खजुराहो सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष व बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डे ने मुक्त कंठ से सराहा है। प्रदेश के वित्त मंत्री एवं कटनी जिले के प्रभारी मंत्री जगदीश देवड़ा ने ट्वीट कर कहा है कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की महत्वाकांक्षी योजना लाड़ली बहना योजना में दिव्यांग अमित लोधी जी की कर्तव्य परायणता और सेवा भावना सराहनीय है। वहीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद श्री विष्णु दत्त शर्मा ने भी ट्वीट कर कहा कि अमित लोधी का सेवाकार्य समाज के लिए प्रेरणापुंज है। सांसद खजुराहो विष्णुदत्त शर्मा ने ट्वीट मे अमित लोधी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि - अमित लोधी विपरीत परिस्थितियों में भी माताओं - बहनों को सरकार की अनुकरणीय ''लाड़ली बहना योजना'' का लाभ दिलवानें के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्यरत है। जो प्रशंसनीय है। कलेक्टर अवि प्रसाद पहले ही दिव्यांग अमित के कर्तव्यबोध और दुसरों की मदद करनें के भाव की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए अन्य लोगों के लिए भी अमित के योगदान को अनुकरणीय सराहनीय बताया है।

### महापौर ने नगरवासियों से शहर को स्वच्छ बनाए रखने की अपील

# सिंगल यूज प्लास्टिक और पोलीथिन मुक्त नगर बनाने ननि का अभियान जारी



**कटनी,यशभारत।** शासन द्वारा जारी निर्देश एवं स्वच्छ सुर्वेक्षण 2023 के तहत नगर की सफाई व्यवस्था निर्धारित मनको के अनुरूप रखने तथा पर्यावरण संरक्षण को द्रष्टिगत रखते हुए नगर निगम द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे है । नोडल अधिकारी स्वच्छ भारत मिशन ने जानकारी देते हुए बताया की महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन एवं निगमायुक्त सतेन्द्र धाकरे के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम की सहयोगी संस्था की टीम द्वारा प्रतिदिन वार्डो में भ्रमण कर विभिन्न वार्डो में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान क्षेत्रीय रहवाशियों एवं नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की गई । साथ ही नगर के विभिन्न स्थलों में स्पॉट पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के दौरान चित्रकला के माध्यम से स्वच्छता का सन्देश भी प्रसारित किया गया।




# कटनी की बेटी की पशु सेवा को मुख्यमंत्री ने दिया सम्मान, खुद किया सोशल एकाउंट पर शेयर

**कटनी यशभारत।** कटनी शहर की बेटी अमिता श्रीवास ने जिले का मान बढ़ाया है। एक तरफ जहां लोग अपनी व्यस्तता भरी जिंदगी में व्यस्त रहते हैं वही अमिता श्रीवास कई वर्षो से कर रही बेजुबान पशु पक्षियों का निशुल्क उपचार। सिलाई और कढ़ाई के कार्य से अमिता श्रीवास जो भी आमदनी करती हैं वह सड़क दुर्घटना पर घायल हुए बेजुबान पशु पक्षियों पर लगाती हैं। विगत 4 वर्षो से 14000 गौ वंश और अन्य पशु पक्षियों का निशुल्क उपचार कर अमिता श्रीवास ने कटनी में एक अलग ही पहचान बनाई है। जिनके इस अतुलनीय कार्य ना केवल कटनी जिले में पूरे प्रदेश में ही जाने जा रहे हैं। अमिता श्रीवास ना केवल गौ रक्षा कमांडो फोर्स कटनी की जिला अध्यक्ष है साथ ही वह अपने समाज सेन समाज विकास संगठन की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। इनके द्वारा किए जा रहे कई प्रकार के समाज सेवा के कार्यों को देखते हुए और गौ सेवा के कार्यों को देखते हुए मध्य प्रदेश सरकार ने आचार्य श्री विद्यासागर जी दया पुरस्कार से सम्मानित किया। विगत दिन अमरकंटक में हुए इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और गौ संवर्धन बोर्ड के अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त महामंडलेश्वर अखिलेशानंद गिरि जी के सानिध्य मे यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कटनी जिले की गौ सेविका अमिता श्रीवास को किया गया व्यक्तिगत श्रेणी मे प्रथम स्थान पर सम्मानित। प्रथम पुरस्कार में अमिता श्रीवास 100000 राशि के साथ प्रशस्ति पत्र दिया गया। गौ सेवा के क्षेत्र में मध्य प्रदेश के कटनी जिले का नाम रहा प्रथम स्थान पर। कटनी की इस बेटी की फोटो तथा उनके कार्य को मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया एकांउट से शेयर कर अमिता की तारीफ भी की है।

### आठवीं के गणित और संस्कृत विषय की परीक्षा तिथि के लेट होने पर उठाये सवाल

**कटनी,यशभारत।** प्रांतीय शिक्षक नेता मार्तण्ड सिंह राजपूत ने प्रदेश में चलरही अंखमूंदी शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करते हुये स्पष्ट किये कि कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षाओं को बीच में ही रोककर शासन द्वारा यह तर्क दिया जा रहा है क् प्रदेश के कई स्थानों पर गणित और संस्कृत का पेपर लीक हुआ है। इसके चलते शिक्षकों पर कार्यवाही के होने के कारण नयी तारिक घोषित नहीं हो पा रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सर्व प्रथम जब कक्षा आठवीं की परीक्षा समय सारणी बनी थी तो कक्षा आठवीं का गणित का पेपर 25 मार्च को नियत किया गया। फिर ऐन मौके उस पेपर को आनन फानन में 3 अप्रेल कर दिया गया। बाद में 3 अप्रेल को महावीर जयन्ती का अवकाश होने के कारण इस पेपर को निरस्त करते हुये इसकी तिथि बाद में घोषित करने की बात कह कर विभाग द्वारा इन दिनों इस तरह की चुप्पी साध ली गयी है।

# कलेक्टर के नवाचार से जुड़ रहे प्रबुद्धजन

### बालिका छात्रवास के लिए भेंट किया साहित्य, बालिकाओं के बौद्धिक विकास के लिए बताया अहम कदम

**कटनी,यशभारत।** छात्रावासी बालिकाओं में पढ़ने की रुचि और भाषा ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा नवाचार करते हुए जिले के शासकीय बालिका छात्रावासों में लाइब्रेरी विकसित करने किए जा रहे प्रयासों को अब प्रबुद्ध जनों से भी व्यापक समर्थन मिल रहा है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा किए जा रहे नवाचार के सार्थक परिणाम सामने आने से उनकी इस अनुकरणीय मुहिम से प्रबुद्ध जन जुड़ रहे हैं। इसी क्रम में कलेक्टर श्री प्रसाद के नवाचार से प्रेरित होकर वरिष्ठ पत्रकार नंदलाल सिंह ने कलेक्टर कार्यालय पहुंच कर कलेक्टर अवि प्रसाद से मुलाकात की और उन्हें छात्रावास के लिए उम्दा अंग्रेजी साहित्य सहित अन्य उत्कृष्ट साहित्य से जुड़ी कई प्रसिद्ध पुस्तकें भेंट की। साथ ही उन्होंने कलेक्टर श्री प्रसाद के इस नवाचार की प्रशंसा कर इसे छात्रावासी बालिकाओं के बौद्धिक विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। इसी प्रकार कलेक्टर श्री प्रसाद के इस नवाचार से प्रेरित तुलसी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. मोहन तिवारी, आनंद द्वारा जिला प्रबंधक उद्योग और व्यापार केंद्र अजय श्रीवास्तव के माध्यम से बालिका छात्रावास के लिए बाल उपयोगी साहित्य भेंट किया गया। डॉ तिवारी ने कलेक्टर श्री प्रसाद के इस नवाचार को पावन और छात्राओं के मानसिक विकास के लिए बेहद उपयोगी कदम बताया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने अपने इस नवाचार से जुड़ने पर वरिष्ठ पत्रकार नंदलाल सिंह और तुलसी साहित्य अकादमी अध्यक्ष डॉ मोहन तिवारी श्आनंद श् का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि छात्रावासी बालिकाओं में पढ़ने की रुचि विकसित करने और भाषा ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गत 25 जनवरी को जिले के सभी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस बालिका छात्रावास और कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास सहित 14 छात्रावासों में लाइब्रेरी सुविधा प्रारंभ की गई थी। कलेक्टर श्री प्रसाद के इस नवाचार के सार्थक परिणाम सामने आए और बालिकाओं में पढ़ने की रुचि बढ़ी। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा हाल ही में जिला शिक्षा केंद्र के द्वारा आयोजित अंतर छात्रावास प्रतियोगिता दौरान अकादमिक प्रतियोगिता का भी आयोजन कराया गया, जो छात्रावासी बालिकाओं के मध्य वाचनालय में उपलब्ध साहित्य के पठन पाठन से संबंधित थी। इसी नवाचार को और अधिक व्यापकता प्रदान करते हुए अब कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले के सभी छात्रावासों में लाइब्रेरी व्यवस्था शुरू करने तीव्र प्रयास जारी हैं।





# स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकादमी में नारी शक्ति को समर्पित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं





**जबलपुर, यशभारत।** स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकादमी में आज अखिल भारतीय सिंधु सभा जबलपुर ( म.प्र ) द्वारा नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन प्रसिद्ध महिला समाजसेवी एवं सिंधु सभा जबलपुर महिला शाखा की प्रमुख श्रीमती मनीषा रोहाणी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंट क्षेत्र के विधायक श्री अशोक रोहाणी उपस्थित थे। प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गान के साथ हुआ। प्रतियोगिता में शामिल खेल थे , लेमन रेस, बुक बैलेंसिंग रेस, रिले रेस, क्रिकेट मैच । इन खेलों के अलावा प्रतिभागियों ने शूटिंग रेंज में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की ,सभी महिला प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बनता था। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल की डायरेक्टर श्रीमती सुप्रिया जायसवाल के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## सबने दिखाया उत्साह , हर विधा में दिखाया हुनर



भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे : पर्व जायसवाल

प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकादमी के संचालक पर्व जायसवाल ने कहा कि उनकी ये अकादमी हमेशा इस प्रकार के आयोजन के लिए तैयार रहती है और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन होते रहेंगे। उन्होंने श्रीमती मनीषा रोहाणी जी की सराहना करते हुए कहा कि नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने हेतु इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन एक सराहनीय कदम है।

### रोहाणी ने की स्टेमफील्ड खेल अकादमी की सराहना

सभा को संबोधित करते हुए विधायक अशोक रोहाणी ने स्टेमफील्ड स्पोर्ट्स अकादमी के संचालक पर्व जायसवाल को बधाई देते हुए स्टेमफील्ड खेल अकादमी की सराहना की और कहा कि इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अकादमी के लिए पर्व जायसवाल जी बधाई के पात्र हैं। प्रतियोगिता में शामिल अन्य मुख्य अतिथि थे, स्टेमफील्ड संस्था की चेयर पर्सन श्रीमती मधु जायसवाल जी, एवं स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल विजय नगर शाखा की प्रधानाचार्या श्रीमती मनमीत कोहली जी। कार्यक्रम का संचालन स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल बलदेवबाग शाखा की प्राइमरी कोऑर्डिनेटर सुमोना सेठी ने किया।

# IPL 2023- युजवेंद्र चहल ने रचा इतिहास, लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा, अब ड्वेन ब्रावो के रिकॉर्ड पर नजर



**गुवाहाटी, ईएमएस।** आईपीएल 2023 के आठवें मैच में पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच रन से हरा दिया। इस जीत ने उन्हें पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 197 रन बनाए थे। जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 192 रन ही बना सकी। इस मैच में राजस्थान की टीम हार गई, लेकिन युजवेंद्र चहल ने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। चहल काफी महंगे साबित हुए और चार ओवर में 50 रन खर्च किए। उन्हें सिर्फ जितेश शर्मा का एकमात्र विकेट मिला। हालांकि, यह विकेट लेते हुए चहल आईपीएल इतिहास के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। हालांकि, भारतीयों में इस लीग में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में वह पहले स्थान पर हैं। चहल ने अब तक 133 मैचों में 171 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उनका इकॉनमी रेट 7.63 का रहा है। इस दौरान चार बार पारी में चार विकेट और एक बार पारी में पांच विकेट शामिल है। वहीं, सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड चेन्नई सुपर किंग्स के मौजूदा बॉलिंग कोच और पूर्व क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो के नाम है। ब्रावो ने 161 मैचों में 183 विकेट झटके। इस दौरान उनका इकॉनमी रेट 8.38 का रहा था। यानी चहल अब ब्रावो से सिर्फ 12 विकेट दूर हैं। चहल ने मुंबई इंडियंस के पूर्व तेज गेंदबाज और राजस्थान रॉयल्स के मौजूदा बॉलिंग कोच लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ा। मलिंगा ने 122 मैचों में 170 विकेट लिए थे। इस दौरान उनका इकॉनमी रेट 7.14 का रहा था। 40 रन देकर पांच विकेट चहल की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। वहीं, ब्रावो की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 22 रन देकर चार विकेट है। मलिंगा ने 13 रन देकर पांच विकेट झटके थे, जो कि उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में चौथे नंबर पर अमित मिश्रा ( 166 विकेट ) और पांचवें नंबर पर रविचंद्रन अश्विन ( 159 विकेट ) हैं। मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए धवन और प्रभसिमरन सिंह ने पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 58 गेंदों में 90 रन की साझेदारी हुई। प्रभसिमरन 34 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से 60 रन बनाकर आउट हुए। भानुका राजपक्षे एक रन, सिकंदर रजा एक रन और शाहरुख खान 11 रन ही बना सके। जितेश शर्मा ने 16 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 27 रन की पारी खेली। राजस्थान की ओर से जेसन होल्डर ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। वहीं, अश्विन और चहल को एक-एक विकेट मिला। 193 रन के लक्ष्य के जवाब में राजस्थान की शुरुआत खराब रही थी। यशस्वी जायसवाल के साथ अश्विन ओपनिंग के लिए उतरे थे। यशस्वी 11 रन और अश्विन खाता खोले बिना आउट हुए। जोस बटलर 19 रन, देवदत्त पडिक्कल 21 रन, रियान पराग 20 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान संजू सैमसन ने 25 गेंदों में 42 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने पांच चौके और एक छक्का लगाया। वहीं, आखिर में शिमरोन हेटमायर ने 18 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के की मदद से 36 रन की पारी खेली। वहीं, ध्रुव जुरेल ने 15 गेंदों में 32 रन की नाबाद पारी खेली। उन्होंने तीन चौके और दो छक्के लगाए। आखिरी ओवर में राजस्थान को जीत के लिए 16 रन चाहिए थे, लेकिन सैम करन ने सिर्फ 10 रन खर्च किए। हालांकि, यह राजस्थान को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था। पंजाब की ओर से नाथन एलिस ने चार और अर्शदीप सिंह ने दो विकेट झटके।

# धोनी-रैना सहित पांच भारतीयों को एमसीसी की आजीवन मानद सदस्यता, 19 क्रिकेटरों को मिला सम्मान



**लंदन, एजेंसी।** क्रिकेट के मक्का लॉर्ड्स के क्रिकेट मैदान पर स्थित प्रतिष्ठित मेरिलिबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी समेत पांच भारतीय क्रिकेटरों को अपनी आजीवन मानद सदस्यत प्रदान की है। धोनी के अलावा युवराज सिंह, सुरेश रैना, मिताली राज और झूलन गोस्वामी को यह सम्मान दिया गया है। एमसीसी के सीईओ गाई लेवंडर ने कुल 19 क्रिकेटरों को यह सदस्यता उनके अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दिए गए योगदान को ध्यान में रखकर दी। सदस्यता पाने वालों में दक्षिण अफ्रीका के डेल स्टेन, इंग्लैंड के केविन पीटरसन, ऑएन मॉर्गन, पाकिस्तान के मोहम्मद हफीज, बांग्लादेश के मशरफी मुर्तजा और न्यूजीलैंड के रॉस टेलर प्रमुख हैं। क्लब की क्रिकेट समिति आजीवन सदस्यता के लिए खिलाड़ियों के नामांकन को च्खेल के कुछ महान खिलाड़ियों के लिए उत्कृष्ट अंतरराष्ट्रीय करियरज्की मान्यता के रूप में मानती है। सदस्यता उन व्यक्तियों को भी दी जाती है जिन्होंने क्लब या खेल में असाधारण योगदान दिया है। पांच भारतीय खिलाड़ियों को मानद जीवन सदस्यता के साथ मान्यता दी गई है। झूलन गोस्वामी, जिन्होंने पिछले साल लॉर्ड्स में इंग्लैंड बनाम भारत महिला वन-डे इंटरनेशनल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया, महिला वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली खिलाड़ी हैं, जबकि मिताली राज 211 पारियों में 7,805 रन के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं।

# शिखर धवन ने रचा इतिहास, विराट कोहली के बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बने



**गुवाहाटी, ईएमउस।** आईपीएल 2023 के आठवें मैच में पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को पांच रन से हरा दिया। इस जीत ने उन्हें पॉइंट्स टेबल में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 197 रन बनाए थे। जवाब में राजस्थान की टीम 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 192 रन ही बना सकी। इस मैच में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने एक खास उपलब्धि हासिल की। उन्होंने 56 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्कों की मदद से 86 रन की नाबाद पारी खेली। यह आईपीएल में उनका 48वां अर्धशतक रहा। इसके अलावा वह दो शतक भी लगा चुके हैं। धवन आईपीएल में 50वां 50+ स्कोर भी दर्ज किया। वह ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय बन गए। उनसे पहले विराट कोहली भी यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। विराट के नाम आईपीएल में 45 अर्धशतक और पांच शतक हैं। ओवरऑल आईपीएल लिस्ट में धवन यह मुकाम हासिल करने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। सबसे ज्यादा 50+ स्कोर के मामले में डेविड वॉर्नर ( 59 ) शीर्ष पर हैं। उन्होंने इस लीग में 55 अर्धशतक और चार शतक लगाए हैं। इन तीनों के अलावा कोई भी बल्लेबाज 50 से ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर नहीं बना सका है। धवन के नाम आईपीएल में 208 मैचों में 35.59 की औसत और 126.72 के स्ट्राइक रेट से 6370 रन हैं। वहीं, रन के मामले में विराट शीर्ष पर हैं। उन्होंने 224 मैचों में 36.64 की औसत और 129.51 के स्ट्राइक रेट से 6706 रन बनाए हैं। वॉर्नर 164 मैचों में 140.23 के स्ट्राइक रेट से 5974 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### मैच में क्या हुआ?

मैच की बात करें तो पहले बल्लेबाजी करते हुए धवन और प्रभसिमरन सिंह ने पंजाब को शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों के बीच 58 गेंदों में 90 रन की साझेदारी हुई। प्रभसिमरन 34 गेंदों में सात चौके और तीन छक्कों की मदद से 60 रन बनाकर आउट हुए। भानुका राजपक्षे एक रन, सिकंदर रजा एक रन और शाहरुख खान 11 रन ही बना सके। जितेश शर्मा ने 16 गेंदों में दो चौके और एक छक्के की मदद से 27 रन की पारी खेली। राजस्थान की ओर से जेसन होल्डर ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। वहीं, अश्विन और चहल को एक-एक विकेट मिला। 193 रन के लक्ष्य के जवाब में राजस्थान की शुरुआत खराब रही थी। यशस्वी जायसवाल के साथ अश्विन ओपनिंग के लिए उतरे थे। यशस्वी 11 रन और अश्विन खाता खोले बिना आउट हुए। जोस बटलर 19 रन, देवदत्त पडिक्कल 21 रन, रियान पराग 20 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान संजू सैमसन ने 25 गेंदों में 42 रन की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने पांच चौके और एक छक्का लगाया। वहीं, आखिर में शिमरोन हेटमायर ने 18 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के की मदद से 36 रन की पारी खेली।

## रंग संसार

# अब एमसी स्टैन ने दिखाया रोहित शेट्टी को ठेंगा ठुकराया खतरों के खिलाड़ी 13 का भारी-भरकम ऑफर



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड इंडस्ट्री के मशहूर फिल्म मेकर रोहित शेट्टी जल्द अपने स्टंट बेस्ड रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 13 से छोटे पर्दे पर वापसी करने आ रहे हैं। इस शो के लिए कई टीवी स्टार्स का नाम सामने आ चुका है। साथ ही इसमें बिग बॉस 16 के भी कुछ प्रतियोगियों के हिस्सा लिए जाने की खबर है। वहीं, बीते दिन इस शो से जुड़ी एक रिपोर्ट ने फैंस की एक्साइटमेंट को काफी ज्यादा बढ़ा दिया। खबरें थीं कि बिग बॉस 16 के विनर एमसी स्टैन भी इसका हिस्सा होंगे, लेकिन अब जानकारी है कि स्टैन ने इस शो को लात मार दी है। गौरतलब हो कि रोहित शेट्टी के इस स्टंट-एडवेंचर बेस्ड शो में कई खतरों से होकर गुजरना पड़ता है और आखिरी में जो सितारा इन सभी स्टंट्स को बखूबी परफॉर्म करता है, विजेता का टाइटल उसे मिल जाता है। वहीं, बीते दिन खबर आई थी कि खतरों के खिलाड़ी 13 के मेकर्स ने इससे जुड़ने के लिए एमसी स्टैन को भी अप्रोच किया है, लेकिन ताजा जानकारी जो आई है उससे स्टैन के फैंस का दुखी होना लाजमी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बिग बॉस 16 के विजेता एमसी स्टैन ने रोहित शेट्टी के शो को करने से साफ इनकार कर दिया है। खबरें तो यह भी थीं कि मेकर्स, एमसी को शो करने के लिए मुंहमांगी कीमत दे रहे थे, बावजूद इसके भी स्टैन ने इसे करने से मना कर दिया। इस तरह खतरों के खिलाड़ी 13 को करने से मना करने वाले सेलेब्स में स्टैन का भी नाम जुड़ गया है। वहीं, बीते दिन यह भी जानकारी मिली थी कि खतरों के खिलाड़ी 13 की ओर से सुंबुल तौकीर खान को भी ऑफर दिया गया है, और इसके लिए उन्हें मुंहमांगी कीमत दी जा रही है। हालांकि, इन खबरों पर खुद सुंबुल ने चुप्पी तोड़ते हुए साफ किया कि उन्हें ऐसा कोई ऑफर नहीं मिला है। सुंबुल ने कहा था, अभी तक मुझे खतरों के खिलाड़ी का ऑफर नहीं मिला है। अगर ऑफर आता है, तो मैं जरूर इस पर विचार करूंगी। मैं रोहित शेट्टी के साथ-साथ शो का भी सम्मान करती हूं ,यह शो कई मशहूर हस्तियों के लिए गेम चेंजर रहा है और यह टॉप एडवेंचरस रियलिटी शो में से एक है। बता दें कि खतरों के खिलाड़ी 13 की शूटिंग केपटाउन के बजाए अर्जेंटीना में की जाएगी। इससे पहले सीजन सात और नौ की शूटिंग भी अर्जेंटीना में की गई थी। वहीं, कई मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया है कि इस शो का प्रीमियर 17 जुलाई को कलर्स टीवी पर होगा। हालांकि, अब तक इस पर ऑफिशियल मुहर नहीं लग पाई है।

# टाइगर वर्सेज पठान से धमाल मचाने आ रहे शाहरुख-सलमान, सिद्धार्थ आनंद ने संभाली डायरेक्शन की कमान



**मुंबई, एजेंसी।** शाहरुख खान और सलमान खान एक बार फिर साथ में पर्दे पर धमाल मचाने आ रहे हैं। हाल ही में वाईआरएफ ने फिल्म च्टाइगर वर्सेज पठानज्का एलान किया है। इस एलान के बाद से ही फैंस का उत्साह आसमान पर पहुंच गया है। इस ब्लॉकबस्टर जोड़ी को पर्दे पर शानदार रूप से दर्शाने के लिए यशराज फिल्म्स ने डायरेक्शन की कमान सिद्धार्थ आनंद को सौंपी है। गौरतलब हो कि, सिद्धार्थ ने ही च्पठानज्का डायरेक्शन किया था। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स अब भारतीय सिनेमा में सबसे बड़ा आईपी बन चुका है। इसके पास टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर और अब पठान जैसी शानदार फ्रेंजाइजी के सभी प्रोजेक्ट्स हैं। गौरतलब हो कि सिद्धार्थ आनंद ने हाल ही में च्पठानजफिल्म का डायरेक्शन किया था, जो अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों में से एक है। इसी को देखते हुए आदित्य चोपड़ा ने सिद्धार्थ आनंद को च्टाइगर वर्सेज पठानज्की जिम्मेदारी सौंप दी है। गौरतलब हो कि सलमान खान ने शाहरुख खान की फिल्म च्पठानज्में कैमियो किया था। उस कैमियो मात्र ने फिल्म में चार चांद लगा दिए थे और थिएटर में इन दोनों की जोड़ी को देख खूब तालियां बजी थीं। वहीं, अब दोनों को पूरी फिल्म में एक साथ देखना फैंस के लिए किसी विजुअल ट्रीट से कम नहीं होगा। रिपोर्ट की मानें तो, सिद्धार्थ आनंद के जरिए डायरेक्ट की जाने वाली यह फिल्म जनवरी, 2024 में फ्लोर पर उतरेगी। जानकारी के लिए बताते चलें कि वाईआरएफ के स्पाई यूनिवर्स की टाइमलाइन से यह सब 2012 में शुरू हुआ जब सलमान खान ने च्एक था टाइगरज्में टाइगर के रूप में कार्यभार संभाला। 2017 में, सलमान ने टाइगर जिंदा है में सुपर-जासूस की भूमिका दोहराई। 2019 में, ऋतिक रोशन ने युद्ध में सुपर-जासूस कबीर के रूप में ब्रह्मांड में प्रवेश किया। पठान के साथ, शाहरुख खान ने वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में सुपर-एजेंट पठान के रूप में प्रवेश किया और बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दी। वहीं, लेटेस्ट रिपोर्ट की मानें तो च्वॉर 2ज्का डायरेक्शन सिद्धार्थ आनंद की जगह अयान मुखर्जी करेंगे। यह फिल्म वाईआरएफ जासूस यूनिवर्स से जुड़ी होगी। अब सिद्धार्थ आनंद पर च्टाइगर वर्सेज पठानज और अयान मुखर्जी पर च्वॉर 2ज्का कार्यभार डाला गया है, फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कितनी धूम मचाएंगी यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# रवीना टंडन की बेटी राशा को भीड़ ने दिया धक्का गुस्साई एक्ट्रेस बोलीं- बच्चों संग ऐसा मत कीजिए



नाराज हुईं रवीना बोलीं- बच्चों को धक्का मत दीजिए

**मुंबई, एजेंसी।** हाल में ही बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन को पद्म श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस खास मौके पर उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री अवॉर्ड से नवाजा। अपने इस खास पल में वह बेटी राशा और बेटे रणबीर थडानी को साथ लेकर पहुंचीं।अब वह दिल्ली से मुंबई वापस आ गई हैं। मुंबई एयरपोर्ट पर रवीना टंडन अवॉर्ड हाथ में थामे नजर आईं। इस दौरान उनके बच्चे भी नजर आए। इस बीच कुछ फैंस भी रवीना को देख तुरंत सेल्फी लेने आ धमके। भीड़ ने बिटिया राशा को धक्का मार दिया, जिसे देख एक्ट्रेस नाराज हो गईं। आइए दिखाते हैं वीडियो। रवीना टंडन का वीडियो सामने आया है। जिसमें वह बेटी राशा और बेटे रणबीर के साथ दिख रही हैं। एक्ट्रेस को सभी पपाराजी ने बधाई दी। साथ ही एक्ट्रेस ने भी पार्टी का वादा किया। रवीना ने इस दौरान कहा कि वह इस सम्मान को पाकर बेहद खुश हैं।

रवीना टंडन को देख आसपास मौजूद फैंस की भीड़ जमा हो गई। कुछ ने एक्ट्रेस के साथ फोटोज क्लिक करवाई। वहीं रवीना भी जमकर फैंस को समय देती नजर आई। मगर वह नाराज तब हुई जब उनके बच्चों के साथ फैंस ने धक्का मुक्की की। जी हां, फोटोज लेने के चक्कर में बेटी राशा को धक्का लग गया जिससे वह खासा दुखी हुई। उन्होंने साफ कहा कि प्लीज बच्चों को धक्का मत दीजिए। बता दें रवीना टंडन के कुल चार बच्चे हैं। बेटी राशा और रणबीर को एक्ट्रेस ने जन्म दिया था। वहीं छाया और पूजा को एक्ट्रेस ने गोद लिया था। रवीना की बेटी राशा बेहद खूबसूरत हैं। वह मां की तरह खूब चर्चा में रहती हैं। बेशक वह बॉलीवुड से दूर हैं। उन्होंने धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल से पढ़ाई की।

# सामने आई राघव-परिणीति की सगाई की तारीख ? इस दिन एक-दूसरे को इंगेजमेंट रिंग पहनाएंगे रागनीति



**मुंबई, एजेंसी।** राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपने रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। भले ही इस कपल ने अब तक अपनी शादी और डेटिंग की खबरों को लेकर कोई भी ऑफिशियल घोषणा नहीं की है, लेकिन पिछले दिनों जब आप नेता संजीव अरोड़ा ने दोनों को बधाई दी तो इस बात की चर्चा और तेज हो गई कि दोनों के बीच कुछ तो पक रहा है। कुछ दिनों पहले परिणीति संग कोड नेम तिरंगा में नजर आए अभिनेता हार्डी संधू ने भी उनको बधाई है। अब खबर है कि दोनों की सगाई की तारीख सामने आ गई है,। राघव चड्ढा और परिणीति चोपड़ा अभी इस मामले को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। दोनों के परिवारों ने भी किसी बात का खुलासा नहीं किया है। उनकी सगाई और शादी की खबरें भले ही आ रही हैं, लेकिन अभी किसी भी तरह की पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है। जब भी परिणीति से सगाई या शादी की खबरों को लेकर सवाल किया जाता है तो वह शर्म से ब्लश करने लगती हैं। इन दिनों अभिनेत्री दिल्ली में हैं। जब से परिणीति दिल्ली आई हैं तब से उनकी सगाई की चर्चा और तेज हो गई है। पिछले दिनों यह भी खबर थी कि जब प्रियंका चोपड़ा भारत में होंगी तब उनकी उपस्थिति में परिणीति की सगाई हो सकती है। अब खबर आ रही है कि परिणीति और राघव इस महीने की 10 तारीख को सगाई कर सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो दिल्ली में एक इंगेजमेंट सेरेमनी के बाद दोनों अपने रिश्ते को ऑफिशियल करेंगे। खबरें यह भी हैं कि इनके सगाई फंक्शन में सिर्फ दोनों के खास दोस्त और परिवार के लोग शामिल होंगे। दिल्ली एयरपोर्ट पर अभिनेत्री को जब हाल ही में स्पॉट किया गया तो उनसे पैपराजी ने शादी और सगाई की खबरों को लेकर सवाल किया तो अभिनेत्री शरमाते हुए बिना जवाब दिए आगे बढ़ गई। बता दें कि परिणीति और राघव के डेटिंग के चर्चे कपल के लगातार दो दिन मुंबई में लंच और डिनर डेट पर स्पॉट किए जाने के बाद छाए हुए हैं। इसके बाद तो दोनों को कई बार एयरपोर्ट पर साथ स्पॉट किया गया। हाल ही में राघव एक्ट्रेस को रिसीव करने के लिए दिल्ली एयरपोर्ट पर भी नजर आए थे।

# सिटी न्यूज

यश भारत | 8

कटनी, शुक्रवार 07 अप्रैल 2023 | फोन- 230033


## पूर्व मंत्री सत्येन्द्र पाठक की स्मृति में

# जिला चिकित्सालय परिसर में सर्वसुविधायुक्त चिकित्सा भवन बनने का मार्ग प्रशस्त

### शीघ्र शुरू होगा निर्माण, जिलेवासियों को मिलेगी उच्च कोटि की स्वास्थ्य सुविधा

**कटनी, यशभारत।** एक वर्ष पूर्व आज के ही दिन कर्मयोगी पूर्व केबिनेट मंत्री स्वर्गीय पंडित सत्येन्द्र पाठक की जन्म जयंती पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जिला अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत जिस 100 बिस्तर का क्रिटिकल केयर ब्लॉक बनाए जाने की आधारशीला रखी थी। उसके निर्माण का मार्ग लगभग एक वर्ष बाद प्रशस्त हो गया और इसके निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके निर्माण के बाद इमरजेंसी केसों में बड़ा लाभ मिलेगा। यह एक तरह से बड़ी कैजुअल्टी के रूप में काम करेगी। एक साथ इसमें मरीज भर्ती हो सकेंगे। खास बात यह है कि अलग तरह के वायरस से संक्रमित लोगों को यहां शिफ्ट किया जाएगा ताकि अन्य मरीजों में संक्रमण न फैले। इसमें तात्कालिक आइसीयू, बर्न यूनिट, डिलवेरी सुविधा, आइसुलेशन, इमरजेंसी ओटी सहित अन्य प्रकार की सुविधाएं रहेंगी। यूनिट में अलग से स्टॉफ तैनात होगा जो सभी केसों को देखगा। अभी तक यह हो रहा था कि गंभीर स्थिति होने पर मरीजों को जबलपुर रिफर कर दिया जाता था। अब मरीजों की यही पर ठीक से देखभाल होगी।





### 9 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

गौरतलब है कि जिला अस्पताल परिसर में पूर्वमंत्री एवं विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक अपने पूज्य पिताजी पं सत्येन्द्र पाठक जी की स्मृति में जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं के विकास और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भवन के रूप में सर्वसुविधायुक्त अस्पताल परिसर का निर्माण कर राज्य शासन के माध्यम से आमजन के लिए समर्पित का संकल्प लिया था। पं सत्येन्द्र पाठक जी की जन्म जयंती 7 अप्रैल 2022 को इस बनने वाले हॉस्पिटल भवन का भूमिपूजन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष स्थानीय सांसद विष्णुदत्त शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ था। भूमिपूजन के पूर्व विधायक संजय पाठक ने मीडिया कर्मियों से था कि वे अपने पूज्य पिता कर्मयोगी पं सत्येन्द्र पाठक जी की स्मृति में स्वयं की निधि द्वारा जिला अस्पताल परिसर में करीब 28 सौ वर्गफुट क्षेत्र का लगभग 9 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त अस्पताल बना कर राज्य शासन को समर्पित करेंगे। जिसका उपयोग जिले में स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं के विकास और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने में होगा।

### तोड़ी जा रही पुरानी बिल्डिंगें

जिला अस्पताल परिसर में कुछ माह 150 बिस्तर का अस्पताल बनकर तैयार हुआ है, ठीक उसी के सामने यह यूनिट बनाने जाने का निर्णय लिया गया है। इस बिल्डिंग को मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के द्वारा बनाया जाना है। मर्चुरी को शिफ्ट किया गया है। ब्लड बैंक, जिला वैक्सीन भंडार केंद्र को तोड़ा गया है। पुराने भवनों को तोड़कर तीन मंजिला नया अस्पताल भवन बनाया जाएगा। अस्पताल की बहुमंजिला इमारत के भूतल में 10 विश्व स्तरीय डायलेसिस इकाई, दवा वितरण केन्द्र, एक्सरे कक्ष प्रथम तल, 20 प्राइवेट व सेमीप्राइवेट वार्ड, द्वितीय तल प्रयोगशाला, ब्लड बैंक, अन्य कार्यालय कक्ष के साथ ही ओपीडी परिसर वार्ड परिसर में चिकित्सा सेवा शुरुआत होगी।

### इनका कहना है

जिला अस्पताल परिसर में नई बिल्डिंग के सामने 100 बिस्तर का क्रिटिकल केयर यूनिट बनेगा। इसकी स्वीकृति मिल चुकी है। ब्लड बैंक, वैक्सीन भंडार कक्ष व मर्चुरी को अन्यत्र शिफ्ट कराया जाएगा। इसके बनने से जिले के मरीजों को फायदा होगा।

**-डॉ.प्रदीप मुड़िया,** सीएमएचओ

## नहीं हुई बोरे में बंद मिली युवक की लाश की पहचान

### पड़ोसी जिलों के थानों में गुमशुदगी के मामले पता कर रही पुलिस

**कटनी, यशभारत।** ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की सिलौड़ी पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम दशरमन में बीते बुधवार को बोरे में बंद मिली एक अज्ञात युवक की लाश की पहचान आज तीसरे दिन शुक्रवार को भी नही हो सकी है। ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि आसपास के थानों और पड़ोसी जिले के थानों में गुमशुदगी होने की जानकारी ली जा रही है। पुलिस की टीम संभावित क्षेत्रों में लाश का पता लगाने रवाना है। घटना स्थल पर जबलपुर जिले के बघराजी क्षेत्र से गुम हुए लोगों के परिजनों को बुलाया गया लेकिन उन्होंने पुष्टि नहीं की है। थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर सुरक्षित रखवाया हैं। बरहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है। गौरतलब है कि दशरमन में बुधवार को बोरे में बंद एक युवक की लाश सड़ी गली अवस्था में मिली थी। बोरे में महिला पुरूष के कपड़े भी मिले हैं। लाश में कीड़े पड़ने से दुर्गंध आ रही थी। जिससे लाश 3-4 दिन पुरानी बताई जा रही है। हालांकि क्षेत्र में युवक की हत्या कर दशरमन के सूने इलाके में फेंकने की चर्चा व्याप्त है। उधर सिलौड़ी पुलिस चौकी प्रभारी हरवचन सिंह का कहना है कि युवक की पहचान होने के बाद घटना की गुत्थी सुलझाने में पुलिस को आसानी होगी।







डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद
स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार
सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने
झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

!! श्री गणेशाय !!
मो. 8369562213
7389842026
आर. के. इलेक्ट्रानिक एण्ड इलेक्ट्रिकल
हमारे यहाँ वाशिंग मशीन, फ्रीज, माइक्रोवेभ ओवन, हेयर ड्रायर, स्टीम आयरन, स्मार्ट टी.वी., फैन, मिक्सर ग्राइंडर, वाटर प्यूरीफायर एवं सभी इलेक्ट्रिकल आइटम रिपेयर किये जाते हैं।
शॉप नं.25 सूरज बैटरी के बगल से बस स्टैण्ड कटनी (म.प्र.)









स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)